डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | 08 मार्च 2025 | वर्ष-31, अंक- 143, पृष्ठ-12 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

"महिला वह शक्ति है, जो हर कठिनाई को मात देती है और दुनिया को नई दिशा दिखाती है...

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

### हेमंत सोरेन से मिलीं षष्ठम विधानसभा की महिला विधायक, सीएम ने कहा

## महिलाओं के सशक्तिकरण व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज**

**मुख्यमंत्री ने महिला विधायकों को दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं**



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में षष्ठम झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी महिला मंत्री एवं महिला विधायकों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड विधानसभा में आपकी उपस्थिति मात्र से ही नारी शक्ति को बल मिलता है।

सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, आप सभी सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की आवाज हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है।

हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक डॉ नीरा यादव, विधायक लुइस मरांडी, विधायक सविता महतो, विधायक रागिनी सिंह, विधायक ममता देवी, विधायक पूर्णिमा दास साहू, विधायक श्वेता सिंह और विधायक मंजू कुमारी मौजूद थीं।

### कई क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल कर राज्य का बढ़ाया है मान-सम्मान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल समेत अनेकों क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। झारखंड का मान-सम्मान बढ़ाया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं अपने मंजिल और मुकाम को हासिल करने में कामयाब हों, इसके लिए सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। एक बार फिर आप सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

## सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से श्री बंशीधर नगर में रुकेगी राजधानी एक्सप्रेस, पलामू की जनता को बड़ी सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि सांसद विष्णु दयाल राम के निरंतर प्रयासों से रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (12453/12454) का ठहराव श्री बंशीधर नगर (नगर उंटारी) रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया गया है। गढ़वा और श्री बंशीधर नगर की जनता लंबे समय से इस ठहराव की मांग कर रही थी। इसे लेकर सांसद ने लोकसभा में शून्यकाल और नियम 377 के तहत यह मुद्दा उठाया तथा धनबाद मंडल रेल प्रबंधक, हाजीपुर महाप्रबंधक, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पत्राचार और व्यक्तिगत मुलाकात कर अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि ट्रेन के ठहराव की तिथि जल्द घोषित की जाएगी और एक औपचारिक कार्यक्रम के तहत इस सेवा की शुरूआत होगी। इससे यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। सांसद ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। वहीं, उनके निजी सचिव अलख दुबे ने भी इसे पलामू की जनता के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## डॉ. अजय कुमार बने एमएमसीएच के नए अधीक्षक

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग ने शुक्रवार को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रध्यापकों का फेरबदल किया है। इसके तहत डॉ. अजय कुमार प्रध्यापक नेत्र विभाग एमजीएम चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल जमशेदपुर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अधीक्षक मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पलामू के पद पर पदस्थापित किया है। इसी तरह डॉ. धर्मेंद्र कुमार प्रध्यापक नेत्र रोग विभाग सह अध्यक्ष मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पलामू को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रध्यापक नेत्र रोग विभाग शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

### सदन में मुख्यमंत्री ने कहा- हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं

# होली के पूर्व मिलेगी मंईयां सम्मान राशि

**बोले सीएम**

- **त्योहारों से पहले महिलाओं के चेहरे पर आएगी मुस्कान**
- **फूलो झानो योजना और बेहतर तरीके से होगी लागू**



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की महिलाओं को होली पर्व से पूर्व मईंयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में भेज दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। सरकार इस योजना की त्रुटियों को ठीक कर रही है। त्योहारों से पूर्व राज्य की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आएगी, ऐसा सरकार का प्रयास है। इससे संबंधित प्रश्न विधायक मंगल **शेष पेज 11 पर**

**विधानसभा के बजट सत्र**



### ग्रामीण विकास व वन विभाग का 98.41 अरब का बजट पारित

**रांची।** ग्रामीण विकास और वन विभाग का 98 अरब 41 करोड़ 41 लाख 61 हजार रुपए का बजट शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में पारित हो गया। इस दौरान विपक्ष अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष के कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग का 98,41,41,61,000 रुपए का बजट सदन में पेश हुआ, तो ग्रामीण कार्य विभाग का 45,76,30,73,000 रुपए का। पंचायती राज विभाग, 21,44,78,14,000 रुपए का, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग का 13,81,99,30,000 रुपए का बजट पेश किया गया। बिना कटौती प्रस्ताव के ये बजट ध्वनिमत से पारित हुए। **शेष पेज 11 पर**

### बाबूलाल मरांडी बने झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में शुक्रवार को मान्यता मिल गई। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने उन्हें सदन में विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की। पिछली बार झामुमो गठबंधन सरकार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था। बाद में भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधानसभा में विधायक दल का नेता चुना और उन्हें प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में अमर कुमार बाउरी चुनाव हार गए, इसलिए भाजपा को विधायक दल का नया नेता चुनना पड़ा। धनवार विस सीट से विधायक बाबूलाल मरांडी को गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया था। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में एक पत्र से सूचित किया था। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि उनसे भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय ने बाबूलाल मरांडी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था। इसके बाद बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी गई।

## एनपीयू के कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना, शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशासनिक चुनौतियों को लेकर चर्चा की। कुलपति ने राज्यपाल को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में पर्याप्त कक्षाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, छात्रावासों और डिजिटल शिक्षा सुविधाओं की कमी है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास के लिए विशेष वित्तीय सहायता, नई फैकल्टी भर्ती, शोध को बढ़ावा देने और प्रशासनिक सुधारों की मांग की। राज्यपाल ने कुलपति की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि एनपीयू की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस मुलाकात के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि विश्वविद्यालय को जल्द ही आवश्यक संसाधन मिलेंगे, जिससे छात्रों और शिक्षकों को बेहतर शिक्षा और शोध के अवसर प्राप्त होंगे।

## 1728 बोतल नकली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ट्रैक्टर जब्त, बिहार ले जा रहे थे तस्कर, मुकदमा दर्ज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना पर हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरवागड़ा के पास से बिहार की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर की ट्राली से भारी मात्रा में नकली शराब पुलिस टीम ने बरामद की है। ट्रॉली में छुपाकर गुप्त रूप से शराब की खेप को ले जाया जाया जा रहा था। एसपी के निर्देश पर पुलिस निरक्षक सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध अंग्रेजी नकली शराब की कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए गठित टीम ने सूचना का सत्यापन के बाद थाना क्षेत्र के डाहा मोड़ के समीप छापेमारी अभियान चलाया। इसमें एक महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर ट्रॉली पर ईंट व मिट्टी के नीचे छुपाकर भारी मात्रा में नकली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किय गया है। प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक ने यह जानकारी दी। बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर लोड ईंट और मिट्टी के नीचे छुपा कर रखा गया भारी मात्रा में रॉयल स्टैग कंपनी के 37 पेटी प्रत्येक पेटी में 24 पीस 375 एमएल का कुल 888 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी का 28 पेटी 672 बोतल, रॉयल चौलेंजर कंपनी का 7 पेटी 168 बोतल टोटल 72 पेटी झारखंड उत्पाद देशी शराब का लेबल लगा ट्रैक्टर के साथ गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत **शेष पेज 11 पर**

## भाजपा नेत्री सीता सोरेन पर पूर्व पीए ने किया हमला

- **सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से वह सफल नहीं हो पाया**
- **देवाशीष घोष गिरफ्तार, कोर्ट में पेश, जेल भेजा गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा नेत्री पूर्व विधायक सीता सोरेन पर गुरुवार की रात जानलेवा हमले का प्रयास हुआ। लेकिन, हमलावर असफल रहा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि भाजपा नेत्री सीता सोरेन कतरास के एक शादी समारोह में गई हुई थीं। वहां से लौटने के क्रम में वह धनबाद के सरायढेला स्थित एक होटल में रुकी थीं। वहां कमरे में उनका पूर्व पीए देवाशीष घोष पहले से ही हथियार के साथ मौजूद था। सीता सोरेन के कमरे में घुसते ही देवाशीष ने पिस्टल चलाने का प्रयास किया। लेकिन, मौके पर सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से वह सफल नहीं हो पाया और सीता सोरेन को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सुरक्षा गार्डों ने देवाशीष को धर दबोचा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूर्व पीए को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को धनबाद कोर्ट में आरोपी को पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक **शेष पेज 11 पर**

## बीडीसी पति को गोली मारकर अपराधी फरार, एसपी पहुंचे मौके पर अस्पताल में भर्ती, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के सिगसीगा खुर्द गांव निवासी और पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी) के पति जोगेंद्र प्रसाद को शुक्रवार शाम अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली उनके दाहिने बांह के पीछे लगी।

**हमलावर फरार, घायल ने खुद दी पुलिस को सूचना :** घटना शाम 4 बजे तहले घाटी में हुई, जब दो नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकिल पर आए और गोली चलाकर चिनियां की ओर फरार हो गए। गोली लगने के बावजूद जोगेंद्र प्रसाद ने हिम्मत दिखाई और बाइक चलाते हुए तहले गांव पहुंचे, जहां से उन्होंने चिनियां पुलिस को सूचना दी।

**एसपी पहुंचे मौके पर, जांच जारी :** सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल जोगेंद्र प्रसाद को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी। इसके बाद वे घायल **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

## स्वयंवर से लेकर लिव इन तक के बीच के सशक्तिकरण का संतुलन

उत्तराखंड में यूसीसी कानून लागू हुआ जिससे लिव इन में रहने वाले युवा सबसे ज्यादा परेशान हैं क्योंकि उन्हें रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा अन्यथा तीन महीने की जेल हो सकती है। नारी स्वतंत्रतावादी इसे निजी स्वतंत्रता बताकर हल्ला मचाने से थोड़ा संकोच कर रहे हैं क्योंकि देश का माहौल बदला हुआ है। भारत की परंपरावादी सोच में सभी जाति धर्म वर्ग और भाषा भाषी लगभग एक हैं और अपनी संस्कृति एकबारगी नहीं छोड़ सकते जबकि उदार आर्थिक नीतियों के बाद वैश्विक मंच बने भारत में हुए मीडिया हमले का निशाना वही रहा है। नारी स्वतंत्रता और लैंगिक भेदभाव रहित समाज का शोर अभिजात्य वर्ग कुछ दशकों से मचा रहा है पर सच्चाई यह है कि विदेशी आक्रमण और सैंकड़ों वर्षों की गुलामी से प्राचीन भारत के वे रीति रिवाज लुप्तप्राय हो गए जिनका उल्लेख प्राचीन इतिहास या धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। आज भी पारंपरिक या गांवों के भारत में शादी विवाह से लेकर बड़े फैसलों में अंतिम निर्णय लेने के पूर्व घर की वरिष्ठ महिला की राय को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। सीताराम, कुंतीनंदन के संबोधन का अर्थ आज भी गांवों में जीवित है बिहार झारखंड के अनेक गांवों में किसी महिला को उनके गांव के नाम से जाना जाता है। वधू मूल्य देकर सम्मान बढ़ाने वाले जनजातीय समुदाय से लेकर सदान तक अपनी बेटियों से चरण स्पर्श नहीं कराते और उन्हें लक्ष्मी स्वरूपा मानते हैं। उरांव जनजातीय समुदाय में पुरुष वेशभूषा में महिलाओं का सशस्त्र जनी शिकार परंपरा उनके युद्ध में भाग लेने का प्रतीक है । सिनगी दई,फूलो झानो,टुसु जैसे नाम भी वीरता के प्रतीक हैं । उत्तर पूर्व भारत में तो स्त्रीप्रधान परिवार ही हैं । यदि भारत में स्त्रियां शोषित पीड़ित थीं तो क्या स्वयंवर के प्रसंग काल्पनिक हैं ? वीर भूमि राजस्थान में रानी पद्मावती के जौहर की कहानी अब लोग भूल रहे हैं पर पूरी तरह भूले नहीं हैं। शिवाजी महान को देशभक्ति की प्रेरणा उनकी माता जीजाबाई ने दी थी,बेगम हजरत महल, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।भारतीय इतिहास महिलाओं की उपलब्धि से भरा पड़ा है। आनंदीबाई गोपालराव जोशी (1865-1887) पहली भारतीय महिला चिकित्सक थीं और संयुक्त राज्य अमेरिका में पश्चिमी चिकित्सा में दो साल की डिग्री के साथ स्नातक होने वाली पहली महिला चिकित्सक रही है। सरोजिनी नायडू ने साहित्य जगत में अपनी छाप छोड़ी। बछेंद्री पाल के बाद हरियाणा की संतोष यादव ने दो बार माउंट एवरेस्ट फतेह किया।झारखंड की प्रेमलता अग्रवाल और विनीता सोरेन दोनों के नाम इतिहास में दर्ज है जिन्होने पहली और पहली आदिवासी महिला पर्वतारोही का गौरव प्राप्त किया था । सेना का नेतृत्व कर रही महिलाओं के अलावा बॉक्सर एमसी मैरी कॉम के अलावा कई महिलाओं को भारत में शीर्ष पदों पर और बड़े संस्थानों का प्रबंधन करते हुए भी देखा गया है झ अरुंधति भट्टाचार्य, एसबीआई की पहली महिला अध्यक्ष, अलका मित्तल, ओएनजीसी की पहली महिला सीएमडी, सोमा मंडल, सेल अध्यक्ष, कुछ ओर नामचीन महिलाएं हैं, जिन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। निस्संदेह, महिलाएं और लड़कियां समाज में सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक बदलाव की अग्रदूत हैं। जनजातीय रीति रिवाज से जुड़े कानूनों में अनेक समुदाय में महिलाओं को संपति के अधिकार से वंचित रखा गया है जबकि बड़े पदों से लेकर सर्वोच्च तक आदिवासी महिलाएं सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं । इस भेदभाव पर इसी समुदाय को ध्यान देना चाहिए । भारतीय कानून में महिलाओं को अनेक अधिकार प्राप्त हैं पर इनके दुरुपयोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं जिससे सचमुच की पीड़िता को भी संदेह की दृष्टि से देखा जाता है ।विभिन्न महानगरों में घरेलू सहायिका जैसे काम करने वाली झारखंड की लाखों महिलाओं के शोषण और मानव व्यापार की कथाएं बहुत हैं । झारखंड सशक्त भी हुआ है पर समानता के नाम पर लिव इन रिलेशनशिप और ऐसी स्वच्छंदता जो पहले धन और शक्ति से अघाए हुए लोगों तक सीमित था अब पूरी बेशर्मी से महानगरों की देखादेखी गांवों तक पहुंच गया है जिनका सोचना है हमारे पास पैसा और पावर है हम ऐसा ही करेंगे तुम्हें जो सोचना हो सोचो ।इस पश्चिमी संस्कृति की सोच से भारत की मौलिक संस्कृति का ताना बाना खतरे में आ गया है जहां छोटे बड़े का लिहाज और समाज का डर लगभग समाप्त होने को है। पहले फिल्मी सितारे,राजा महाराजा और आपराधिक प्रवृति के ऐसे कृत्यों पर कोई सवाल उठा नहीं पाता था पर अब सहमति से किसी भी बालिग से शारीरिक संबंध को कानूनी मान्यता मिलने से पकड़े जाने का भी भय नहीं रहा । भारतीय कानून महिलाओं को पीड़ित और रक्षा देने की भावना से बनाए गए हैं पर शादी कर ससुराल वालों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराकर करोड़ों ऐंठने या ब्लैकमेल करने के मामले महानगरों में आम हैं । कोर्ट ने कई बार दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर टिप्पणी की है। आवश्यक है समाज,कानून निमार्ता और महिलाएं खुद आगे आएं ताकि पीड़िता को न्याय भी मिले पर निर्दोष को सताया भी न जाए।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला

- **रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती, स्थिति गंभीर**
- **अपराधियों का अमन साहू गैंग से बताया जा रहा ताल्लुक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोयला के बड़े कारोबारी बिपिन मिश्रा को अपराधियों ने शुक्रवार को गोली मार दी। घटना रांची शहर के बरियातू रोड के सेंट्रल अकादमी स्कूल के पास की है। बिपिन मिश्रा को घायलावस्था मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों अनुसार अपराधियों ने बिपिन मिश्रा पर कई राउंड फायर किए। उन्हें दो गोली लगी है। उनकी कार पर भी तीन गोली के निशान मिले हैं। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बताई जाती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरियातू थाने की पुलिस मेडिका अस्पताल पहुंची। पुलिस सूत्रों के अनुसार फायरिंग करने वाले अपराधी अमन साहू गिरोह के हैं। बिपिन मिश्रा लंबे समय से कोयला कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनकी कंपनी का नाम पीएनएम है। यह कंपनी कई पावर प्लाटों के लिए कोयले की ट्रांसपोर्टिंग का काम करती है। बताया जाता है कि लेवी और रंगदारी की मांग को लेकर बिपिन मिश्रा को मारने की योजना पहले भी अपराधी ने कई बार बना चुके हैं। मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने कहा कि पुलिस थोड़ा पहले पहुंचती, तो आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता था।

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

## गांव में शोक, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के ओरिया गांव निवासी मुन्ना कुमार (22) की बीती रात मोटरसाइकिल से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। सुबह उसकी बाइक व उसका शव शाहद गांव में मिली। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस को सुबह सूचना मिली कि एक युवक का




शव सड़क किनारे पड़ा है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मुन्ना कुमार के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि युवक के पिता बिंदेश्वरी राम पुलिस विभाग में जमादार की ट्रेनिंग कर रहे थे। घटना की खबर मिलते ही वह तुरंत गांव लौटे। पूरे गांव में शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की गहन जांच की मांग की है।

# बिना इंश्योरेंस जर्जर वाहनों से क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर हो रहा परिचालन



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** राज्य भर में मैट्रिक और इंटर परीक्षा चल रही है। वाहन चालक अपनी कमाई के लिए परीक्षार्थियों को वाहन की छत पर बैठाकर चल रहे हैं। ऊंटारी रोड़ से रेहला की ओर जाने वाले ऑटो व कमांडर वाले क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चल रहे हैं। कुछ वाहन परीक्षार्थी व सवारी का भी मजबूरी का फायदा उठाकर क्षमता से अधिक लोगों को बैठा रहे हैं। वाहन चालक गाड़ियों में नीचे से ऊपर तक क्षमता से अधिक बैठा कर चल रहे हैं। जिम्मेदार लोगों का ध्यान भी इस ओर नहीं जा रहा है। कई सवारी गाडी का इंश्योरेंस और फिटनेस भी फेल है। बिना फिटनेस और इंश्योरेंस वाले वाहन में बच्चों को परिवहन करना एक बड़ी दुर्घटना को न्योता देने जैसा है। इस कारण आए दिन दुर्घटना भी घट सकती है।

## न्यूज बॉक्स

### हिंदी ए बी की स्थगित परीक्षा ली गई, 475 परीक्षार्थी उपस्थित, 2 अनुपस्थित

**मोहम्मदगंज।** पेपर लीक के कारण मैट्रिक के हिंदी ए बी विषय की स्थगित परीक्षा शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में ली गई। इसमें हिंदी ए विषय की परीक्षा में 475 परीक्षार्थी शामिल थे। इसमें भी कैलाश उच्च विद्यालय पंसा के 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे, जो नियमित रूप से अनुपस्थित चले आ रहे हैं। सोशल साइंस विषय के दिन अनुपस्थित उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय की छात्रा परीक्षार्थी अंग्रेजी और गणित विषय के बाद इस विषय की परीक्षा में भी उपस्थित थी। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस स्कूल में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 कुल 477 परीक्षार्थियों केंद बनाया गया था। मगर कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 2 परीक्षार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने से कुल संख्या 475 बनी हुई है। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार के निरीक्षण और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी की सदलबल तैनाती में शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने परीक्षा की निगरानी करते हुए दायित्व को बखूबी निभाया। अब विज्ञान विषय की स्थगित परीक्षा 8 मार्च को लेने के बाद विषयगत लिखित परीक्षा का समापन हो जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा गृह केंद्र में 10 से 25 मार्च तक ली जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण 11 से 26 मार्च के बीच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ग 8-9 की भी परीक्षा जैक की घोषित तिथि के अनुसार ली जाएगी। वर्ग 8 की परीक्षा 10 मार्च को ली जाएगी। इसमें प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी व अतिरिक्त भाषा में से किसी एक और द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी। जबकि 9 वीं की 11 को प्रथम पाली में हिंदी ए बी, अंग्रेजी व और द्वितीय पाली में मैथेमेटिक्स और साइंस विषयों की परीक्षा होगी। जबकि 12 मार्च को सोशल साइंस और अतिरिक्त भाषा में से किसी एक की परीक्षा के साथ इन वर्गों की भी वार्षिक परीक्षा का समापन हो जाएगा।

### रमजान का पहला जुमा की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में माह-ए-रमजान की पहली जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। शहर के जामा मस्जिद, इमामन मस्जिद, नूरी मस्जिद, जपला चौबे, मोहम्दाबाद, मिजार्पुर, ऊपरी कला, देवरी, बुधवा, दंगवार समेत कई मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन चैन और खुशहाली की खुदा पाक से दुआ मांगी। नमाज अदा करने के पूर्व मस्जिदों के इमामों ने रमजान की इस पाक माह की फजीलत ब्यान करते हुए कहा की रमजान काफी रहमत और बरकत वाला महीना है। इस माह में ज्यादा से ज्यादा समय इबादत करनी चाहिए और अपनी गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। रमजान का पहला असरा रहमत का है। दूसरा असरा गुनाहों से निजात, तीसरा असरा जहन्नुम से निजात का है। उन्होंने कहा की नसीब वालों को माह-ए-रमजान का महीना मिलता है। नमाज अदा करने वालों में मुख्य रूप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, इस्लाम खान, खुश्तर, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, नेहाल असगर, अब्बास कादरी, सैयद अफान मीर, सैयद कामरान मीर, आरजू खान, मुस्तफा खान, साजिद, वाजिद के अलावा कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## एक नजर

### समाज सेवी विनोद सिंह की चाची का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की चाची और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय ललन कुमार सिंह की मां राजकुमारी कुंवर 95 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी, उनकी निधन की खबर सुनकर शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित उनके आवास पर लोगों का तांता लग रहा। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया है। छोटे भतीजा संजय कुमार सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री बिहार सरकार लक्ष्मण राम,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, बसपा नेता शेर अली, जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान सहित अन्य ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# पांडू में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू/पांडू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, विश्रामपुर द्वारा पांडू बाजार स्थित जरासंध भवन परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पांडू जिप सदस्य प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि नथुनी प्रसाद सिंह, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य प्रेमसागर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिजा शंकर तिवारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कन्हाई राम और भाजपा मंडल मंत्री विमल चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



### स्वास्थ्य कर्मियों की सराहनीय भूमिका

शिविर का संचालन प्रो. डॉ. रमेशचंद्र सिंह, प्रो. डॉ. कौशलेंद्र कुमार, डॉ. संदेश कुमार और डॉ. सरोज कुमार के नेतृत्व में किया गया। साथ ही नर्सिंग स्टाफ रतनबाला चौबे, निधि कुमारी, ममता गुप्ता, पैथोलॉजिस्ट अनु सिंह, अभय कुमार, अनिल कुमार और संजय कुमार यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों का सफल इलाज किया गया और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिला।

# पूर्व सैनिकों को 17 साल के बाद आरंभ हुआ विकलांगता पेंशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशनरों की पेंशन संबंधित समस्यायों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। पूर्व सैनिकों ने संगठन के एक कार्यकर्ता व पूर्व सैनिक हवलदार अवध माली की आकास्मिक निधन हो गई थी, उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन धारन कर ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई। वह अपने पीछे वृद्ध पत्नी छोड़ गए हैं। पत्नी को फेमिली पेंशन चालू कराने का कार्य कार्यालय द्वारा आरंभ कर दी गई है। कार्यालय द्वारा बहुत से पत्राचार पेंशन विसंगतियां दूर करने हेतु चल रही है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम रानी देवा पोस्ट कबरा खुर्द हैदर नगर निवासी पूर्व सैनिक नायक कामेश्वर सिंह जो आर्मी से शारिरिक विकलांगता के चलते 20 साल ड्यूटी करने के बाद 2008 में रिटायर्ड हुए थे। लेकिन उन्हें विकलांगता पेंशन नहीं मिल रही थी। संगठन के पेंशन अधिकारी के द्वारा काफी पत्राचार करने पर विकलांगता पेंशन 17 साल के बाद चालू हुआ है। इस तरह वीर नारी शिवपति कुंवर ग्राम कुकही, जिनको मेडिकल का लाभ तीन वर्षों से नही मिल रही है। इस की जानकारी बैठक में मिली है। वृद्ध फेमिली पेंशनर को एलाउंस दिलाने के लिए संबंधित कार्यालय को पत्राचार आरंभ किया गया। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि यह सब त्रुटियां केवल और केवल क्लर्क की अनदेखी के कारण होता है,जिसका खामियाजा हम सबों को उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद ऐसे विसंगतियों को दूर करने के लिए निःशुल्क सेवा देने का कार्य हमेशा करते रहेगी। कैप्टन दुखन सिंह ने होली मिलन पर सभी से विचार किया एवं सर्वसम्मति से होली मिलन 12 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कैप्टन दुखन सिंह,लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, संगठन के संरक्षक लोकनाथ केशरी, कोषाध्यक्ष सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, पेंशन अधिकारी अक्षय सिंह, प्रसाद सिंह, गोरी शंकर ठाकुर, पूर्व सैनिक शिवपति कुंवर के परिवार भी मौजूद रहे।




# मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है प्रखंड में

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड में प्रखंड सह अंचल कार्यालय तो बन गया मगर आज मूलभूत सुविधा का अभाव है। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार प्रखंड का उद्घाटन 2008 में छतरपुर प्रखंड कार्यालय से काटकर 12 पचायतों को मिलाकर नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय का गठन किया गया था। यह प्रखंड आज भी पूर्ण रूप से कर्मचारी से लेकर पदाधिकारियों की कमी झेल रहा है। नौडीहा बाजार प्रखंड की कुल आबादी 80 हजानर से बढ़कर 85 हजार हो गई है। इस प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत 12 पचायत आते हैं, उनमें नावाटाड, डगरा, खैरा दोहर, चराई टू, नामुदाग, करकटा, विशुनपुर, शाहपुर, सरइडीह, ललगाड़ा का नाम शामिल है। अगर देखा जाये तो बीच में नौडीहा प्रखंड कार्यालय में




पदाधिकारी के पदस्थापना होती है, लेकिन उनका ताबादला बिना योगदान किए दूसरे जगह हो जाता है। अब तक देखा जाये तो वर्ष 2008 से स्थायी रूप से पदाधिकारी में प्रखंड के प्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में सागर कुमार 4 वर्ष रहें। उसके बाद राजेश एक्का प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, अभय कुमार झा प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में 3 वर्ष, हीरा कुमार अंचलाधिकारी के रूप में, जितेंद्र कुमार मंडल 5 वर्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी के रुप में योगदान दिए। ये सभी पदाधिकारी जनता के बीच अच्छा काम भी किए। उसके बाद संजय यादव के अंचलधिकारी के रूप में और संजय कुमार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के पोस्टिंग किया गया। भाजपा नेता मुन्ना श्रीवास्तव ने कहा कि लंबे समय से नौडीहा बाजार प्रखंड में पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का पद खाली है। बसंत चंद्रवंशी ने कहा कि जिस उद्देश्य से नौडीहा

### तेलहन पर आत्मनिर्भरता को लेकर किसानों को मिला प्रशिक्षण

**उंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत अंतर्गत ग्राम दरुआ में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की इकाई आत्मा की ओर से एनएफएसएम तेलहन योजना अंतर्गत किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में तेलहन फसलों पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विशेषज्ञ नाबार्ड के रवि रंजन ने बताया की सरसों रबी में उगाई जाने वाली फसलों में एक महत्वपूर्ण फसल है। सरसों वर्गीय फसल के तहत तोरिया, राई, पीली सरसो आती है। किसान सरसो की खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। किसान समय रहते सरसों की बीमारी की पहचान कर उनकी रोकथाम कर सकते हैं। सरसों में सामान्यतः लाही या माहू का प्रकोप ज्यादा देखने को मिलता है, जिसे नीम तेल का छिड़काव सायं काल 4 बजे के बाद करने का सलाह दिया।

### फुट ओवरब्रिज का काम पूरा नहीं: यात्रियों को उठानी पड़ती है जोखिम

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना अंतर्गत स्टेशन और प्लेटफॉर्म का काम कब का पूरा हो गया। रेल परिचालन को लेकर आधुनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से स्टेशन एक साल से ज्यादा समय से काम भी करने लगा। मगर लंबे समय के बाद भी फुट ओवरब्रिज का काम पूरा नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में स्टेशन से अन्य प्लेटफॉर्म पर ट्रेन पकड़ने जाने में यात्रियों को जोखिम उठाने को विवश होना पड़ता है। मालगाड़ियों के खड़ी रहने के बाद तो, उन्हें और भी मुश्किल हो जाती है। अगर देखा जाए, तो फुट ओवरब्रिज की अभी तक बुनियादी ढांचा भर तैयार किया गया है। काम कब पूरा हो सकता है, कार्यस्थल पर इसे बताने वाले कोई सक्षम व्यक्ति भी उपलब्ध नहीं मिले।

**परेशानी** गांवों में खराब जलमीनार को ठीक कराने की दिशा में प्रयास तेज

# जल्द चालू होगा घर-घर पानी पहुचाने का काम : मुखिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पंचायती राज व्यवस्था के तहत स्थापित कई जलमीनारों के खराब रहने की जानकारी मिली है। बताया गया कि नदी पर गांव का जलमीनार दो साल पहले ही बनने के बाद से ही खराब हो गया है। रविवारीय बाजार भी बंद है। कारण वहां स्टार्टर की चोरी हो जाना बताया गया है। नदीपर गांव के जलमीनार के खराब होने से 20 घरों की आबादी को गर्मी में परेशानी होगी। रामनगर के जलमीनार के सोलर पैनल के बरसात के मौसम में ही तेज हवा में उड़ जाने के बाद से बदला नहीं गया है। हर घर नल जल योजना भी कारगर साबित नहीं हुआ है। इस संबंध में पंसस ममता देवी और युवा समाज सेवी सुशील कुमार मेहता का कहना है कि रामनगर का जलमीनार और हर घर नल जल योजना की खराबी को ठीक करने के लिए प्राक्कलन बन चुका है। काम भी जल्द ही लग जाएगा। मुखिया कमला देवी ने बताया कि रामनगर में सोलर पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का काम जल्द चालू हो जाएगा।

**विधायक प्रतिनिधि ने बीडीओ किया रिपोर्ट :** विधायक प्रतिनिधि पंचु रजवार ने बताया कि उन्हें नदीपर, गोलापत्थर, भुइयां टोला, पिपरा बांध और माहूर सहित अन्य कई जगहों के सोलर जलमीनारों में खराबी जानकारी मिली है। इनको ठीक कराने के लिए उन्होंने बीडीओ को रिपोर्ट कर दी है।

### जलमीनार की खराबी की वजह लापरवाही

बताया गया कि लोगों की लापरवाही की वजह से नदी पर का सोलर जलमीनार 2 महीना बाद ही खराब हो गया था। लाभुक समिति को इसका काम दिया गया था। मगर मोटर को सफलता पूर्वक स्थापित नहीं किया जा सका था। मगर अब इसे ठीक करने के प्रति सक्रियता बरते जाने की बात कही गई है। बताया गया कि मोटर को निकलवा कर जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा। लाभुक समिति के अध्यक्ष ने मोटर को चेक करने के लिए रविवार को उसे खोल कर निकलवाने की बात कही है।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक : किराया बढ़ोतरी, राजस्व संग्रहण व जनहित योजनाओं पर लिए गए निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में राजस्व संग्रहण, जनहित योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, गेस्ट हाउस और मैरेज हॉल का होगा निर्माण

बैठक में प्रखंड मुख्यालयों में गेस्ट हाउस और सतबरवा में मैरेज हॉल के निर्माण को मंजूरी दी गई। साथ ही, व्यवसायिक भवन, मार्केट कॉम्प्लेक्स और स्वागत द्वार निर्माण का निर्णय लिया गया। जिला परिषद द्वारा चार मोक्ष वाहन (तीन अनुमंडल स्तर पर और एक विश्रामपुर में) खरीदने की भी स्वीकृति दी गई। 50 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों की निर्माण योजनाएं स्थल विवाद के कारण रुकी हुई थीं। इन योजनाओं के निस्तारण के लिए अंचल और समाज कल्याण विभाग को समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया गया।

### अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण, अप्रैल में अलग बैठक

बैठक में कई विभागीय पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही, अप्रैल माह में उनके साथ अलग से बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, कार्यपालक पदाधिकारी-सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं जिला परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

### दुकानों का किराया 5 प्रतिशत बढ़ा, बकाया न चुकाने पर आवंटन रद्द

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला परिषद द्वारा आवंटित दुकानों का किराया हर वर्ष 5% बढ़ाया जाएगा, क्योंकि 1 जनवरी 2018 से इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया था। साथ ही, लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले आवंटियों का आवंटन रद्द किया जाएगा, और बकाया वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस दर्ज करने का प्रस्ताव पारित किया गया। पुरानी एवं जर्जर दुकानों की मरम्मत, शटर बदलने और दुकानों के सामने की चारदीवारी हटाने पर भी चर्चा हुई।

## हॉली क्रॉस स्कूल की छत पर लगी आग, पानी टंकी व कुर्सियां जलकर राख

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाजी मैदान स्थित हॉली क्रॉस स्कूल की छत पर शुक्रवार शाम आग लग गई। आग में पानी टंकी और करीब 200 से 250 कुर्सियां जलकर राख हो गईं। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल मोटर के पानी और अन्य उपायों से आग पर काबू पा लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिन्हा ने बताया कि शाम लगभग 5 बजे उन्हें सूचना मिली कि स्कूल की छत पर आग लग गई है। उस समय वे भोजन कर रहे थे। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजे छत पर छड़ काटा गया था, जिससे चिंगारी से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। इस हादसे में लगभग 25,000 रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने के बाद शहर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक स्कूल प्रबंधन आग बुझा चुका था। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### सात एकड़ से अधिक अफीम की फसल नष्ट

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को नौडीहा बाजार थाना एवं मनातू थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 7 एकड़ से अधिक फसल नष्ट कर दी गई। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के चौखड़ा जंगल में 0.6 एकड़, जबकि मनातू थाना क्षेत्र के गीतहर जंगल में 5 एकड़ और सिकनी के गुरहि जंगल में 2 एकड़ अफीम की फसल को ट्रैक्टर से नष्ट किया गया। पुलिस और वन विभाग की टीमों ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ आगे भी कठोर कदम उठाए जाएंगे और इस संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### जन औषधि दिवस पर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में 'जन औषधि दिवस' के अवसर पर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, निजी सचिव अलख दुबे, अस्पताल अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार और डीपीएम प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से केंद्र का उद्घाटन किया। सभी ने 'सातवें जन औषधि दिवस' की शुभकामनाएं दीं और इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। देशभर में 28 फरवरी 2025 तक 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं, जहाँ ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-80% तक सस्ती जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में इन केंद्रों पर 300 से अधिक सर्जिकल उत्पादों सहित मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो आदि बीमारियों की दवाएं भी मिल रही हैं। इस योजना के तहत बीते 10 वर्षों में देशवासियों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। वर्ष 2019 से हर साल 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है ताकि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन 11 को

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया के गोदाम चौक पर 11 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किए जाएगा।इसकी जानकारी होली मिलन समिति के पदाधिकारियों ने दी। होली मिलन समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है । जिसमें लेस्लीगंज के व्यास मुनी राम, कलाकारा द्वारा गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने लोगों से होली मिलन समारोह में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि होली मिलन समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। होली पर्व में लोग गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे के गले लग जाते हैं। होली पर्व रंगों का त्योहार है। इस पर्व को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। होली मिलन समारोह 11 मार्च को दिन के 11 बजे से प्रारंभ होगा। कहा कि होली पर्व भाईचारा व एकता का प्रतीक है। समिति के सदस्यों ने कहा कि सुआ कौड़िया सांप्रदायिक सौहाद व भाईचारे के लिए जाना जाता है। होली पर्व में लोग सभी रंगों में रंग जाते हैं। मौके पर समिति के सदस्य मुकेश गुप्ता, टाइगर कुमार, प्रेम प्रकाश ठाकुर, सुबोध विश्वकर्मा, उपाध्या सिंह, अनिल विश्वकर्मा, बोस ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, लव ठाकुर, नंदू सिंह, सत्येंद्र सिंह, यदुवंशी सिंह, देवेंद्र ठाकुर, सोनू विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल थे।

### चोरी की चार मोटरसाइकिल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**मेदिनीनगर।** बुधवार शाम करीब 4 बजे सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिल जब्त की। इस दौरान एक आरोपी सोनू कुमार बैठा (26वर्ष), बड़कागांव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर तीन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

**अभियुक्त ने कबूला अपराध, न्यायिक हिरासत में भेजा गया :** सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि तीन मोटरसाइकिल खनवा गांव और एक मोटरसाइकिल सतबरवा से बरामद की गई। आरोपी सोनू कुमार बैठा ने अपराध स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद स्वास्थ्य जांच के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि सोनू कुमार बैठा का चचेरा साला चोरी की बाइक लाकर बेचने के लिए देता था, जो फिलहाल फरार है और बाहर कमाने के लिए गया हुआ है। इस मामले में सोनू कुमार बैठा और पंकज कुमार रजक (ग्राम बैदा, तेतराई, थाना पांकी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सुजीत कुमार पांडे, पंकज कुमार तिवारी, जाबिर अहमद अंसारी, राजकुमार सिंह और दिनेश कुमार तिवारी शामिल थे।

# सीएम पशुधन योजना के तहत पलामू के किसानों को मिलेगा भेड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पलामू के किसानों की आय में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पलामू के किसानों को भेड़ देने की घोषणा की है। बताते चलें कि जिले में भेड़ पालकों की संख्या काफी अधिक है लेकिन उन्हे पर्याप्त प्रोत्साहन न मिलने के कारण वे इस भेड़ पालन से दूरी बना रहे हैं। बताते चलें कि पूर्व में भेड़ के खाल से बने कंबल तथा भेड़ बेचकर अपना गुजारा किया करते हैं। अगर उन्हें पशुधन योजना के तहत सब्सिडी पर भेद मिलता है तो भेड़ व कंबल की बिक्री कर वो अच्छी कमाई कर सकते हैं। बीते कुछ वर्षों में उनके द्वारा बनाया जा रहे कंबल की बिक्री में भी काफी कमी आई है तथा उनकी सुध कोई नहीं ले रहा।

बताते चलें कि झारखंड मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024 के तहत हर वर्ग के किसानों को 75 से 90% तक अनुदान दिया जाता है जिससे किसानों को काफी फायदा मिलता है।

योजना के माध्यम से किसानों को उन्नत नस्लों की खरीदारी में आर्थिक सहायता दी जाती है। साथ ही तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण देकर उपकरण भी दिया जाता है।

इस योजना के तहत किसानों को स्थाई व्यवसाय प्रदान करने का उद्देश्य है। इसके लिए बीपीएल अंतर्गत आने वाले किसान अल्पसंख्यक एससी एसटी स्वयं सहायता समूह के सदस्य और विधवा तथा की संतान किसान भी आवेदन के पात्र होते हैं।

इस बाबत जानकारी लेने पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि पूर्व में विभाग तथा मंत्री के साथ बैठक में पलामू के भेड़ पालकों के लिए उन्होंने यह मांग रखी थी। वर्तमान में भेड़ पालकों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना में कोई भी प्रावधान नहीं होने के कारण उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाता। संभवत सरकार अगले वित्तीय वर्ष में इसके लिए प्रावधान कर सकती है। इससे पलामू जिले के भेड़ पालकों को काफी मदद मिलेगी।

# दलित एडवाइजरी काउंसिल गठन पर मुख्यमंत्री व मंत्रियों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में दलित एडवाइजरी काउंसिल (अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद) के गठन पर दलित नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य मंत्रियों से मिलकर बधाई दी।

दलित नेताओं ने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद से ही 15% आबादी वाले दलित समुदाय अपने सामाजिक विकास के लिए इस काउंसिल की मांग कर रहे थे। हेमंत सोरेन सरकार ने इस दिशा में ठोस संकल्प दिखाया है। काउंसिल के गठन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अहम भूमिका रही।

विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में दलित नेताओं ने हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर फूल-माला, बुके, शॉल और पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। नेताओं ने कहा कि 24 वर्षों में पहली बार सरकार ने अनुसूचित जातियों के विकास के लिए ठोस कदम उठाया है।

नेताओं ने उम्मीद जताई कि अब झारखंड में अनुसूचित जातियों के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा। बधाई देने वालों में भीम कुमार, सोरेन राम, गणेश रवि, रामचंद्र राम, इंदिरा देवी, पंकज कुमार, विभाष चंद्र, कौशल पासवान, किशोर नायक और दामोदर वाल्मीकि शामिल थे।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र हुए सामान्य भोजन की गुणवत्ता को लेकर किया था प्रदर्शन



### प्रशासन के आश्वासन के बाद छात्रों ने जताई संतुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय पलामू, बसौरा के छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं के बीच शुक्रवार को स्थिति सामान्य रही। छात्रों ने बताया कि मेस में भोजन की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है।

**गुरुवार को हुआ था जोरदार हंगामा :** गुरुवार को कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने मेस में भोजन की खराब गुणवत्ता को लेकर प्रदर्शन किया था। छात्रों का कहना था कि भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा था। साथ ही, छात्रों ने देय शुल्क को लेकर भी आपत्ति जताई थी। नए नियमों के तहत समय पर शुल्क जमा न करने पर प्रत्येक दिन 50 रुपये का जुमार्ना लगाया जा रहा था, जिसे छात्रों ने अनुचित बताया।

**प्रशासन का हस्तक्षेप और सुधार का आश्वासन :** कॉलेज के प्राचार्य एस.के. सिंह ने बताया कि छात्रों को समझाने के बाद वे मान गए हैं। मेस ठेकेदार को भोजन की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को छात्रों ने कोई नई शिकायत नहीं की और स्थिति सामान्य बनी हुई है।

**छात्रों की मांगें और प्रशासन का रुख :** भोजन की गुणवत्ता को सुधारने का आश्वासन दिया गया। छात्रों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए जुर्माने के प्रावधान पर विचार किया जाएगा। प्रशासन छात्रों की अन्य समस्याओं पर भी ध्यान देगा। छात्रों ने फिलहाल स्थिति को सामान्य बताया है, लेकिन उनका कहना है कि यदि भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वे दोबारा विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# रेड़मा ओवरब्रिज पर धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोड वाहन, प्रशासन बेखबर

### सख्ती के अभाव में नियमों की उड़ रही धज्जियां, बड़ा हादसा होने की आशंका



**मेदिनीनगर।** रेड़मा ओवरब्रिज पर भारी और ओवरलोडेड वाहनों का आवागमन धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा। न तो परिवहन विभाग इस पर ध्यान दे रहा है और न ही यातायात पुलिस इसकी रोकथाम के लिए सक्रिय नजर आ रही है। ओवरब्रिज से गुजरने वाले मालवाहक और यात्री वाहन भारी संख्या में ओवरलोड होकर चल रहे हैं, जिससे ओवरब्रिज को नुकसान होने के साथ-साथ सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। शहर में भारी वाहन और ओवरलोड गाड़ियां बैरिया चौक से होकर जाने के लिए बाध्य हैं, लेकिन पर्याप्त निगरानी के अभाव में अधिकांश वाहन ओवरब्रिज से ही गुजर रहे हैं।

**प्रशासन की अनदेखी, सिर्फ दोपहिया वाहनों की हो रही जांच :** यातायात पुलिस और थाने की पुलिस केवल दोपहिया वाहनों की हेलमेट और दस्तावेज जांच में व्यस्त रहती है, जबकि ओवरलोड बसें और ट्रक बिना किसी रोक-टोक के ओवरब्रिज पार कर रहे हैं। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इन वाहनों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे यात्री सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। बस स्टैंड से चलने वाली बसें यात्रियों से भर जाती हैं, और जगह-जगह यात्रियों को बैठाया जाता है। इसके बावजूद यातायात पुलिस द्वारा कोई जांच नहीं की जाती। जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है, जिससे ओवरलोड वाहनों का आवागमन जारी रहता है।

**रात के अंधेरे में बढ़ जाता है ओवरलोड वाहनों का खतरा :** दिन में कुछ बड़े वाहन पुलिस चेकिंग के कारण बैरिया चौक का रुख कर लेते हैं, लेकिन रात 9 बजे के बाद बड़े मालवाहक वाहन और ओवरलोड गाड़ियां बेधड़क ओवरब्रिज से गुजरती हैं। पथ निर्माण विभाग पहले ही ओवरब्रिज को पुराना और कमजोर बताते हुए भारी वाहनों के लिए असुरक्षित घोषित कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**ओवरब्रिज पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा :** क्षमता से अधिक लोडेड वाहनों की आवाजाही से ओवरब्रिज की हालत और भी कमजोर हो रही है। यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यात्री वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को सख्ती से नियमों को लागू करना होगा और ओवरब्रिज पर भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत रोक लगानी होगी।

# कोयल नदी पर बनेगा नया पुल, मिट्टी की जांच शुरू

### जाम की समस्या होगी कम, स्थानीय लोगों में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर के बीच कोयल नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। इसके लिए मिट्टी की जांच शुरू कर दी गई है। बंगाल से आई छह सदस्यीय टीम बोरिंग कर मिट्टी, बालू और पत्थर की सतह की जांच कर रही है। आठ जगहों पर बोरिंग की जाएगी, और एक महीने तक यह कार्य चलने की संभावना है। जिस जगह नया पुल बनना है, वहां पहले से ही एक पुराना पुल मौजूद है, जो 50 साल पहले बना था। बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव के कारण नए पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कोयल पुल पर हर दिन जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे स्कूल बस, एंबुलेंस और यात्री वाहन फंस जाते हैं। डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा में पुल निर्माण की मांग उठाई थी, वहीं पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने भी कई कार्यक्रमों में इसके निर्माण की बात कही थी। इसके बाद पुल निर्माण स्थल और संपर्क पथ को लेकर सर्वेक्षण किया गया था। मिट्टी जांच कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में उत्साह है। शुक्रवार को कई लोग जांच प्रक्रिया देखने पहुंचे और नए पुल के जल्द निर्माण की उम्मीद जताई।

पथ निर्माण विभाग, मेदिनीनगर के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि मिट्टी जांच पूरी होने के बाद डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार की जाएगी, और निविदा जारी करने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नया पुल गुणवत्ता पूर्ण बनेगा और लंबे समय तक उपयोग में आएगा।

## रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़, रोजे की नुमाइश से बचने की नसीहत

# जकात अदा करना फर्ज, जरूरतमंदों की करें मदद : मौलाना अहमद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना जारी है, और इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। शहर की विभिन्न मस्जिदों में रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।



चौक बाजार मस्जिद के पेश इमाम जुबेर अहमद बरकती ने तकरीर में कहा कि सदका-ए-फित्र अदा करना सभी मुसलमानों के लिए जरूरी है। सामान्य लोग 2.45 किलो गेहूं की कीमत लगभग ?72 प्रति व्यक्ति अदा करेंगे, जबकि जिनके पास ज्यादा दौलत है, वे 490 ग्राम जौ, 490 ग्राम खजूर या 490 ग्राम किशमिश की कीमत अदा करें तो बेहतर होगा। इससे गरीबों की मदद होगी।

मौलाना अहमद अली खान रजवी ने कहा कि अल्लाह को छुपी हुई इबादत ज्यादा पसंद है, इसलिए रोजे की नुमाइश से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि हर अंग को गुनाहों से बचाना जरूरी है। उन्होंने हदीस का हवाला देते हुए कहा कि कुछ रोजेदार ऐसे होते हैं, जिन्हें भूख-प्यास के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। सही मायनों में रोजा वही है जिससे अल्लाह और उसके रसूल राजी हों।

मौलाना ने जकात अदा करने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग इसके दायरे में आते हैं, उन्हें अपने धन का 2.5% जकात निकालना फर्ज है। इसमें किसी भी प्रकार की कटौती की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि रमजान में जरूरतमंदों की मदद करने से इसका सवाब 70 गुना बढ़ जाता है।

मौलाना ने मुसलमानों से अपील की कि वे कुरान को रोज पढ़ें और उसे समझें, ताकि अनजाने में गलतियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग जानकारी के अभाव में ऐसे काम करते हैं, जिनसे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इस्लाम और कुरान की सही समझ होना जरूरी है।

# मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

## एक नजर

### अरंगी और सोनवर्षा टीम ने जीता मैच



**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मैच खेला गया। इसमें पहला मैच अरगी और चौरा टीम के बीच खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए अरंगी कि टीम ने निर्धारित 10 ओवर में प्रियांशु के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी 50 रन के बदौलत 120 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी चौरा कि टीम 88 रन ही बना सकी। इस तरह अरंगी टीम ने 32 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच प्रियांशु को मिला। दूसरे मैच में सोनवर्षा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान धीरू के 61 रन और अनुज के 62 रनों के बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 195 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी कोण (उत्तरप्रदेश) टीम ने सोनू के 55 रन के शानदार पारी के बदौलत 143 रन ही बना सकी। इस तरह सोनवर्षा टीम ने 52 रन से मैच जीता लिया। इस मैच में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले सोनवर्षा टीम के कप्तान धीरू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आयोजनकर्ता पंकज सिंह ने दिया। मैच देखने के लिए सैकड़ों कि संख्या में लोग मौजूद थे। मौके पर अध्यक्ष बिट्टू सिंह, गौतम पाल, हेमंत, अमित, गौरव सिंह,दिलीप, ऐनुल परवेज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**दो गंभीर रूप से घायल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे एक परीक्षार्थी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि दो परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरसोता-पातीला मुख्य मार्ग पर सोनपुरवा गांव के पास एनआरबी ईंट भट्ठा के करीब हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेतो गांव से एक मोटरसाइकिल पर तीनों छात्र सवार हो कर परीक्षा देने जा रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल तीव्र गति में होने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मोटरसाइकिल सवार तीनों छात्र सड़क पर अचेत अवस्था में पड़े थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण व परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को परिजनों द्वारा मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उपस्थित डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा ने सुल्तान अंसारी को मृत घोषित कर दिया। घायल जयकुमार व लव कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर जानकारी देते हुए डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा ने बताया कि सतबहीनी के समीप हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में खादीम अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र सुल्तान अंसारी की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। बबलू बैठा के 17 वर्षीय पुत्र जयकुमार व वाल्मीकि बैठा के 18 वर्षीय पुत्र लव कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों युवक कांडी थाना क्षेत्र के सेतो गांव निवासी हैं। घायलों में जयकुमार का स्थिति गंभीर है। दोनों घायलों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। मृतक सुल्तान अंसारी को पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर पिता सद्दाम अंसारी एवं अन्य परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव पैतृक आवास लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार तीनों युवक गरदहा हाई स्कूल प्लस टू के मैट्रिक के छात्र बताए गए। तीनों युवा एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरबे मैट्रिक के हिंदी परीक्षा देने के लिए घर से निकले थे। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसआई अरविंद सिंह, एएसआई वीरेंद्र पासवान को दलबल के साथ पहुंच कर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

गढ़वा बंशीधर नगर फोरलेन सड़क पर डुमरों गांव के समीप शुक्रवार सुबह सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक की पहचान केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी सकेंदर सोनी के पुत्र विकास सोनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विकास अपने ससुराल नारायणपुर में साला के तिलक समारोह में शामिल होने आया था। समारोह समाप्त होने के बाद वह मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरिया।** भंडरिया पंचायत भवन परिसर में कृषि प्रद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के बैनर तले प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य हिरवन्ती देवी ,सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, पंचायत समिति सदस्य अंबिका सिंह, शशिकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कृषि मेला सह प्रदर्शनी में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव मदगड़ी, कंजिया, करचाली, बिंदा नगनाहाद, नौका, भंडरिया आदि गांव के 100 से अधिक किसानों ने अपने-अपने कृषि उत्पादन प्रदर्शनी में लेकर पहुंचे थे। उन्हें आत्मा गढ़वा के द्वारा किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि पदाधिकारी ने लगाए गए प्रदर्शनी सम्मेलन की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसान के लिए योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे किसान अपनी आए दोगुनी कर सके। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सेवक मोजेस किस्पोट्टा ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर समेत वार्ड सदस्य, किसान उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने दो परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के तीनों परीक्षा केंदों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय लावाही कला, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जरही और उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के परीक्षा केंदों का निरीक्षण किया गया। संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षकों की उपस्थिति में बीडीओ ने सभी कमरों में घूम-घूम कर बोर्ड की परीक्षा लिख रहे बच्चों का जांच किया। बीडीओ की जांच में किसी भी परीक्षा केंद्र पर बच्चों के पास किसी भी तरह का चिट पूर्जा नहीं पाया गया। बीडीओ ने सभी परीक्षा केंदों पर कदाचार मुक्त परीक्षा होने की की बात कही। प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला परीक्षा केंद्र का जांच के दौरान विद्यालय के केंद्र अधीक्षक अमिताभ कुमार पांडेय से परीक्षा लिख रहे बच्चों की उपस्थिति के साथ-साथ वीक्षकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लिया। केंद्र अधीक्षक ने विद्यालय में परीक्षा लिख रहे कुल 485 छात्र-छात्राओं की संख्या बताते हुए कहा कि शुक्रवार के दिन विद्यालय में 485 बच्चे उपस्थित होकर परीक्षा लिखे हैं। दो बच्चे शुरूआती दिन के बाद से ही अनुपस्थित हैं।

### भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील

**मेराल।** होली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोग पंचायत प्रतिनिधि तथा पदाधिकारी मौजूद थे। होली तथा रमजान त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार अशांति नह हो इसके लिए प्रशासन के साथ पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने सक्रियता बनाए रखने की जिम्मेवारी ली। बैठक में शामिल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, अंचल अधिकारी यशवंत नायक, बीडीओ सतीश भगत थाना प्रभारी विष्णु कांत ने लोगों से त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा गड़बड़ी की आशंका होने पर प्रशासन को त्वरित सूचना देने की बात कही। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने रमजान तथा होली के दौरान आपसी भाईचारा तथा सौहार्द बनाए रखना की बात कही। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान शराब की खरीद बिक्री सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने लोगों से सभी तरह का भेदभाव को भूलकर आपस में मिलजुल कर त्यौहार मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन अतहर अली अंसारी ने की। बैठक में अधिकारियों के साथ उप प्रमुख निजाम खान, विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन, मुखिया राम सागर महतो, अजीज अंसारी, वीरेंद्र तिवारी, सुरेश पासवान, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, रमेश राम, बबलू सिंह, सुनील सिंह, रुपू महतो, मनोज जायसवाल, अजय प्रसाद, गुप्ता मदन प्रसाद, शंभू राम, रमाकांत प्रसाद, जहुर अंसारी, खालिद अंसारी, नंदलाल तिवारी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 50 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण

**मेराल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 50 टीबी मरीजों के बीच फूड किट का वितरण किया गया। बीडीओ सतीश भगत की उपस्थिति में चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से पोषण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गढ़वा जिले को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। बीडीओ सतीश भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि सभी टीबी मरीजों की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें चार से पांच दिनों के भीतर फूड किट प्रदान किया जा सके। उन्होंने इस पहल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और कर्मचारियों के निजी सहयोग की सराहना की और कहा कि ऐसी मानसिकता को जिला स्तर पर भी प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए सही समय पर दवा का सेवन, सहिया कार्यकर्ताओं द्वारा मरीजों की मॉनिटरिंग, सुपरवाइजर के समय-समय पर फॉलोअप, और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनजागरूकता अभियान आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को अपनी सेहत की ज़िम्मेदारी खुद लेनी होगी। परिवार के लोगों के भी पहली जिम्मेदारी है कि मरीज को समय पर दवा दें। नियमित जांच कराएं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क जांच और दवा उपलब्ध है। साथ ही टीबी मरीजों को डीबीटी के माध्यम से प्रति माह 1000 की सहायता दी जा रही है, जो पहले 500 थी।

## बिना सूचना गायब रहने पर सीएचओ से स्पष्टीकरण पूछा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर केतार के सीएचओ राजेश कुमार से बिना सूचना के गायब रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की है। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी दिनेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान पाया कि सीएचओ राजेश कुमार 18 फरवरी से 27 फरवरी तक एएनएम पबिता कुमारी से आवेदन पर सहमति कराकर छुट्टी पर गए थे। उसके बाद 1 मार्च से 10 मार्च तक आकास्मिक अवकाश पर आवेदन बिना किसी से सहमति काराये कार्यालय में रखकर चले जाने का आरोप है। उनके अनुपस्थिति के दौरान मुकुन्दपुर में पदस्थापित सीएचओ शंकर के द्वारा उनकी उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज कर दिया गया था, जो निरीक्षण के दौरान पाया गया। ऐसा करना विभाग के प्रति लापरवाही एवं मनमानी को दशार्ता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने 12 घंटे के अंदर कार्यलय में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। ऐसा सीएचओ द्वारा नही करने पर उनके विरूद्ध विभागीय करवाई करने के लिए वरीय पदाधिकारी को भेजी जाएगी।

## चंदनी गांव में भालू का आतंक, 10 लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी गांव में शुक्रवार को एक भालू के हमले से दहशत फैल गई। सुबह से ही गांव में भालू का आतंक जारी रहा। भालू के हमले से 10 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तौफीक अंसारी, कईल प्रजापति, मोतीचंद राम और डीसी प्रजापति समेत अन्य लोगों का इलाज स्थानीय क्लीनिक में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भालू केतार क्षेत्र से चंदनी गांव में पहुंचा। ग्रामीणों ने इसे भगाने का प्रयास किया तब भालू बौखला गया और लोगों पर हमला करने लगा। इस बीच भागते हुए भालू ने नंदलाल मेहता की झोपड़ी में घुसकर करीब पांच घंटे तक आराम किया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और भालू को पकड़ने के लिए लातेहार से अतिरिक्त टीम बुलाने का प्रयास किया। हालांकि शाम चार बजे भालू झोपड़ी से निकलकर फिर से लोगों पर हमला करने लगा। इससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हैरानी की बात यह रही कि वन विभाग की टीम वापस लौट गई और भालू को पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। गांव में फैले डर और दहशत के कारण लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से भालू को पकड़ने की मांग की है ताकि आगे कोई बड़ा हादसा न हो।



### होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**खरौंधी।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने की। बैठक में सभी लोगों से होली का त्योहार आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने कहा कि होली पर डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने दोनों समुदायों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने कहा कि डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शराब की बिक्री व सेवन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।बैठक में जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी, भाजपा नेता उपेंद्र दास, गोरखनाथ चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद शाह, सतीश भुइयां, शिव कुमार यादव, अशोक ठाकुर, राजकेश्वर यादव, विनोद यादव, बसंत यादव, देववंश गुप्ता, प्रमोद पटेल, रामानंद मेहता, शशि पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेंट्रल बैंक व दो कंप्यूटर केंद्रों में चोरी मामले का उद्भेदन

**दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान भी बारामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर\धुरकी।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास करने और बंशीधर नगर के कचहरी के समीप दो कंप्यूटर केंद्र में चोरी की घटना का उद्भेदन कर लिया है। दोनों मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का सभी समान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी उतर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के निमियाडीह ग्राम निवासी सरफराज अंसारी और उसी थाना के दीघुल ग्राम निवासी अंकित कुमार यादव का नाम शामिल है। चोरी का बरामद किए गए समानों में दो प्रिंटर, एक इनर्भटर बैटरी, एक लेमिनेशन मशीन, एक की बोर्ड, एक माउस, नकद 6 हजार रुपए शामिल है। शुक्रवार को थाना प्रभारी के कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को धुरकी थाना के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक में चोरी करने का प्रयास और स्थानीय थाना के कोर्ट के समीप दो दुकानों में हुए चोरी की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित किया गया था। इसके आलोक में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। दोनों गिरफ्तारआरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उन्होंने बताया कि घटना में तीन आरोपी शामिल थे। एक आरोपी फरार है। जल्द उसकी भी गिरफ्तारी कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर बताए गए जगहों से चोरी का सभी समान भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पास से तोड़ने के लिए बनाया गया रड,तीन मोबाइल फोन, इस्तेमाल किए गए दुपट्टा सहित कपड़ा और जूता भी जब्त कर लिया गया है। छापेमारी अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक,धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार,स्थानीय थाना के अवर निरीक्षक रंजन कुमार शाह, संदीप कुमार रवि, संजय पासवान, अनुज कुमार सिंह तथा धुरकी थाना के बीकू कुमार और रिजर्व गार्ड विजय यादव का नाम शामिल था।आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी आदित्य नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार,सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।



### रमजान के पहले जुम्मे पर अकीदत से नामजा अदा की

**श्री बंशीधर नगर।** पवित्र माह-ए-रमजान के पहला जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गयी। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह की शान में सजदा किया। नगर उंटारी मस्जिद,चेचरिया मस्जिद,बरडीहा मस्जिद,नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद,कुशदण्ड मस्जिद,कोइन्दी मस्जिद,हुलहुला, सोनवर्षा, सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने जुम्मे की नमाज अदा किया। नमाज अदा करते समय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने क्षेत्र में अमन और चैन की दुआएं मांगी। रमजान माह के अवसर पर इस जुम्मे की नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने भाग लिया। नगर उंटारी स्थित मस्जिद में जामिया इस्लामिया जब्बारिया पेशे इमाम अब्दुल कादिर साहब ने नमाज अदा कराया। इस दौरान उन्होंने पवित्र रमजान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान के पालन करने से न केवल शांति मिलती है, बल्कि अल्लाह की रहमत भी बरसती है। मौके पर सदर तौहिद खान,सरपरस्त शमीम खान,तस्लीम खान सीनियर,आमिन खान,शोएब आलम, तौकीर आलम,फुलटुन खान सहित अन्य उपस्थित थे। बरडीहा मस्जिद में नमाज अदा करने वालो में सदर व पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख,हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी,हाफिज मनउवर अंसारी,डॉ ताहिर हुसैन,डॉ रिजवान अहमद, साजिद रजा,उस्मान अंसारी,अमीर हसन अंसारी,तौहिद आलम,रईस अंसारी,परवेज आलम,भानु,असलम सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

### आवास योजना में दोहरी नीति अपनाने का मामल आया

**डंडई।** लाभुक से आवास योजना मद की राशि वापस कराने में दोहरी नीति का खेल होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला प्रखंड के पचोर और डंडई पंचायत से जुड़ा है । प्रखंड के पचोर पंचायत में अवैध तरीके से नौ लोग अबुआ आवास योजना के लाभुक बन गए थे, जिसकी शिकायत प्रखंड से लेकर जिला तक के पदाधिकारियों तक पहुंची थी। उनके निर्देश पर बीडीओ देवलाल करमाली ने मामले की जांच कराई थी। शिकायत सही पाया गया। बीडीओ ने सभी अवैध लाभुकों के नाम घर पर नोटिस भेज कर राशि वापस करने की चेतावनी दी। साथ ही राशि वापस नहीं करने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी बात बीडीओ की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया। बीडीओ की नोटिस मिलते ही लाभुक पूरी तरह परेशान हो गए। प्राथमिक के बाद जेल जाने को लेकर उनमें दहशत का माहौल बन गया था। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि डंडई पंचायत का मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। इसलिए इस विषय पर मैं कुछ भी नहीं बोलूंगा।

## जन औषधि दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** लातदाग आयुष्मान आरोग्य में शुक्रवार को जन औषधि दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरोग्य भारती के प्रांतीय आरोग्य मित्र प्रशिक्षण प्रमुख मनोरंजन कुमार सिंह, डॉक्टर कुमार शशांक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के बाद मरीजों को नि:शुल्क दवा भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मनोरंजन कुमार सिंह ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच कर मरीजों को नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराना है। डॉ. कुमार शशांक ने कहा कि शिविर के माध्यम से जन जन तक सस्ते दामों पर मरीजों को दवा उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है। महीने की हर 21 तारीख को आयुष्मान आरोग्य में शिविर आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मुफ्त में दवा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए इस तरह के कैंप का आयोजन कर गंभीर बीमारी का भी सैंपल जांच कर जांच रिपोर्ट आने के बाद उनकी दवा शुरू किया जाता है। शिविर में टीवी मरीज, शुगर, हार्ट, बीपी, गर्भवती महिलाएं आदि बीमारी के मरीजों का जांच किया गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य केंद्र होने से काफी सहूलियत होती है। डॉक्टर द्वारा हम लोगों का हमेशा स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया जाता है। आयोजित शिविर में एएनएम रश्मि रंजन, मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया, स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी, संध्या देवी, कविता देवी, अमरावती देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, संजू देवी, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार आदि लोगों ने शिविर में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## भक्ति

### 11 मार्च को अखंड भजन कीर्तन के साथ महाभंडारे का होगा आयोजन

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु आज निकालेंगे भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भीलमा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। इस संबंध में बाल ज्योति संघ और छठ पूजा समिति भीलमा ने जानकारी दी कि महोत्सव की शुरूआत 8 मार्च को कलश यात्रा से शुरू होगी। इस यात्रा में क्षेत्र वासियों को शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। 9 मार्च को मूर्ति अधिवास का आयोजन किया जाएगा। 10 मार्च को मूर्ति भ्रमण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है। महोत्सव के अंतर्गत 11 मार्च को अखंड भजन कीर्तन के साथ महाभंडारा कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। बाल ज्योति संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में सभी प्रखंडवासी आमंत्रित हैं। उनकी उपस्थिति से यह आयोजन और भी दिव्य एवं सफल होगा। महोत्सव में मुख्य जजमान के रूप में बबलू मेहता उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, बनारस से पधारे पंडित आनंद पंडित और उनके सहयोगी पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र वासियों के बीच सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देगा। आयोजकों ने स्थानीय लोगों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस आयोजन को लेकर ग्राम भीलमा में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग इस धार्मिक महोत्सव में भाग लेने के लिए तैयार हैं।



### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर जंगीपुर ग्राम में बिजली सब स्टेशन के समीप मोटरसाइकल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजवाया जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद स्थिति खतरे से बाहर बताया। घटना में घायल दोनो डंडई थाना क्षेत्र के बोलिया ग्राम निवासी चंद्रिका सिंह उम्र 19 वर्ष और चंदन सिंह उम्र 19 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों घायल भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान ग्राम में अपने रिश्तेदार के घर गए थे। वही से वापस अपने घर लौट रहे थे। जंगीपुर ग्राम स्थित विद्युत सब स्टेशन के समीप अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गए।


**कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा**

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

09–15 मार्च 2025 ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एक जुट होना है।

यह सामान्यताः 40 वर्षों से अधिक के लोगो, विशेष कर ऐसे लोगों को होता है जिनके परिवार में काला मोतिया का इतिहास रहा है।

संकेत व लक्षण

- ऑखों से बल्ब के चारों ओर रंगीन गोले नजर आना।
- ऑखों में दर्द महसूस होना।
- रोशनी का कम लगना।
- चश्मे का नम्बर जल्दी–जल्दी बदलना
- असामान्य सिर दर्द और आँखों में दर्द

**उपरोक्त किसी भी के प्रकट होने पर अपनी आँखों के दबाव की जाँच करवाएं**

**ग्लूकोमा के संभावित खतरों के बढ़ाने वाले तत्व**

- यदि आपका कोई संबंधी ग्लूकोमा से पीड़ित हो
- हाईपर टेंशन (ब्लड प्रेशर)
- एलर्जी अस्थमा चर्म रोग इत्यादि हेतु स्टीरॉयड का प्रयोग डायबिटिज (शूगर)

कालामोतिया के समुचित एवं नियमित इलाज से आगे होने वाली दृष्टिविहीनता को रोका जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु नजदीकी सदर अस्तपाल के नेत्र विभाग/विजन सेंटर से सर्म्पक करें।

आँखों की बीमारी ग्लूकोमा की मुफ्त जाँच एवं ईलाज की व्यवस्था राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, जिला अस्पताल तथा विजन सेंटर में की जाती है।

निवेदक–
जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

PR.NO.348030 Lohardaga(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा।**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के अलोक में वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत लोहरदगा जिले में मेजर कार्प मत्स्य स्पॉन, फॉमूलेटेड फीड एवं फाईकैंचिंग नेट/जाल की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक, मत्स्य स्पॉन उत्पादक–सह–आपूर्तिकर्त्ता, फीड उत्पादक–सह–आपूतिकर्त्ता एवं जाल उत्पादक–सह–आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | जिला | कार्य का नाम | अधिकतम दर राशि | डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना | लोहरदगा | लोहरदगा जिले में मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपूर्ति हेतु | 550/–रू0 प्रति लाख | 80000.00 |
| 2 | | | लोहरदगा जिले में फाईकैंचिंग नेट आपूर्ति हेतु | 2000/–रू0 प्रति ईकाई | 15000.00 |
| 3 | | | लोहरदगा जिले में मत्स्य बीज उत्पादकों को फॉर्मूलेटेड फीड आपूर्ति हेतु | 2000/–रू0 प्रति ईकाई | 15000.00 |

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :–

1. विज्ञापन दाता का नाम–जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. निविदा प्राप्ति का स्थान –जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.03.2025 एवं 10.30 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 22.03.2025 एव 11.30 बजे पूर्वाह्न क्रमशः सर्वप्रथम स्पॉन, जाल, फीड की निविदा खोली जाएगी।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते Nic Lohardaga के Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
6. दिनांक 22.03.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में सभागार, जिला परिषद में निविदा खोली जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 348022 (Lohardaga) 24-25 (D)

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त बैठक में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय

**आपत्तिजनक, विद्वेष फैलाने वाले गाना बजाने व डीजे पर रोक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था को लेकर समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा कर निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी व सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करें। इसके अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को होली से पूर्व शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अंचल अधिकारियों को डीजे संचालकों के आपत्तिजनक, अश्लील या विद्वेष फैलाने वाले गाने बजाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर विद्वेष फैलाने वाले पोस्ट को रोकने व ऐसा करने वालों पर कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में सूचना देने के लिए जिले स्तर पर 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 08987796308 पर कॉल कर सूचना को साझा किया जा सकता है। साथ ही साईबर सेल के मोबाइल नंबर 6206159795 पर अथवा 112 पर कॉल कर सूचना साझा कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला स्तरीय पदाधिकारी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में दो घायल, सीएचसी में उपचार

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए हैं। पहली घटना मकाइयाटांड़ का धाधू रोड की है, वहां पर ट्रैक्टर अनलोड करने के दौरान एक मजदूर गिरकर घायल हो गया। उसकी पहचान खेटू गंझू बालूमाथ के रूप में हुई। दूसरी घटना हेरहंझ बालूमाथ मुख्य मार्ग पर हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शंकर यादव हाथडीह ग्राम निवासी बाइक से लौट रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा की चपेट में आ गया। इससे शंकर घायल हो गया। दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर के मुताबिक दोनों के सिर, पैर समेत शरीर के कई अंगों में आंतरिक चोट लगी हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रचार-प्रसार के अभाव में किसान मेला सह प्रदर्शनी फ्लॉप

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के रामनवमी मेलाटांड़ में शुक्रवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, परंतु प्रचार-प्रसार व जानकारी के अभाव में किसान मेला पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ। किसान मेला में किसान कम बच्चे व बिचौलिए ज्यादा हावी नजर आए। हालांकि कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष, प्रमुख के अलावा कृषि विभाग के कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। मेला में गिने-चुने किसान उपस्थित हुए। जिनके बीच प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान की पुरस्कार वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को कृषि विभाग के अधिकारी व वैज्ञानिकों ने बेहतर उत्पादन की कई विधि भी बताया।

### जेएमएम ने की पंचायत कमेटी का विस्तार

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत व साल्वे पंचायत मे जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत कमेटी का विस्तार किया। कमेटी विस्तार के क्रम मे संयोजक मंडली कामेश्वर भोगता, अनिल तुरी, बीरेंद्र पासवान,लाल आशीष नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। सिबला पंचायत के लिए अध्यक्ष शंकर गंझू, उपाध्यक्ष एजाजुल मियां,सचिव महेश यादव, कोषाध्यक्ष उमेश लोहरा को सर्वसम्मति से चुना गया। साल्वे अध्यक्ष नरेश उरांव बनाए गए। सचिव कोषाध्यक्ष भी बनाए गए। बैठक में जेएमएम पार्टी की नीति सिद्धांत के बारे में लोगों बताया गया। सभी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनों तक पहुंचाने की बात कही गई। मौके पर भोला राम, जीतेन्द्र गंझू, बिहारी उरांव, लक्ष्मण उरांव, महेन्द्र उरांव, शंकर गंझू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### उद्घाटन का बाट जोह रहा एफसीआई गोदाम

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना के समीप लगभग पांच वर्ष पूर्व बना एफसीआई गोदाम बिना उद्घाटन के ही दम तोड़ने के कगार पर खड़ा है। अभी तक विभाग द्वारा संचालन नहीं किया जा सका है। परिणाम स्वरूप प्रखंड क्षेत्र के डीलरों के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालयों को राशन का उठाव 20 किलोमीटर दूर दूसरे प्रखंड इटखोरी से करना पड़ रहा है। इस कारण डीलरों समेत,आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों को उचित समय पर अनाज नहीं मिल पाता है। इससे लाभुकों के साथ विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग की माने तो अपनी वाहवाही लूटने के लिए दो वर्ष पूर्व ही सिमरिया में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों ऑनलाइन उद्घाटन करवाई गई थी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक गोदाम का संचालन नहीं किया जा सका है। इसके कारण लाखों रुपये की लागत से बना गोदाम बिना संचालन के ही दम तोड़ने के कगार पर खड़ा है। इस ज्वलंत मुद्दे से अभी तक जनता की आवाज उठाने वाले स्थानीय सांसद व विधायक भी अनभिज्ञ हैं।

## रंगों का पर्व होली भाईचारा स्थापित करने का त्योहार : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों से होलिका दहन स्थल का निरीक्षण डीजे पर प्रतिबंध समेत अन्य विशेष बिंदुओं पर चर्चा कर निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की। कहा कि रंगों का त्योहार होली भाईचारा स्थापित करने का त्यौहार है। होली का त्यौहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनाये। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया ने बताया कि संवेदनशील जगह पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। साथ ही गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पहली नजर रहेगी। समाज को जागरूक रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी, कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जबरदस्ती किसी को रंग न लगाएं। किसी भी प्रकार की घटना की सूचना मिलने पर शीघ्र ही थाना को सूचना दें। बैठक के दौरान होली के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में जिप सदस्य स्तेला नगेसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी संतोष कुमार बैठा, इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद, बंधन तिर्की, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, बिहारी जायसवाल, बृजमोहन जायसवाल, संजय जायसवाल, राकेश कुमार, निजामुद्दीन खान, राजेश नगेसिया, मुखिया सहित उपस्थित थे।

## समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाये। जिले के मनिका प्रखंड के औराटांड से आए दिव्यांग संजय उरांव ने इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल की फरियाद रखी जिस पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को त्वरित करवाई करते हुए ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल निर्गत करने संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## अकीदतमंदों ने अदा की रमजान के पहले जुमे की नमाज

**चंदवा।** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज अदा कर रोजेदारों ने देश-दुनिया और समाज की खुशहाली की दुआ मांगी। मौके पर मेन रोड स्थित मदीना मस्जिद,जामा मस्जिद, मस्जिद ए फातमा, गुलशन ए सैयदना शुक्रबाजार, कामता, कुजरी, बेलवाही, चकला, बोदा, ब्राह्मणी, सेरक, हुचलू, रामपुर मस्जिद में बड़ी संख्या में अकीदतमंदो की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम में इफ्तार की दावत का भी आयोजन हुआ। तरावीह की विशेष नमाज का सिलसिला इन दिनों निरंतर चल रहा है। मस्जिदों में इबादत के लिए रोजेदारों की भीड़ जुटी रही। शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमे की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। रमजान को लेकर फल,खजूर और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी को लेकर अकीदतमंदों की भीड़ बाजार में देखने को मिली।

## झामुमो बोदा पंचायत अध्यक्ष बने सुधीर गंझू




**चंदवा।** झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर शुक्रवार को बोदा पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओ की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अंसारी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बोदा पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष के रूप में सुधीर गंझू,सचिव रमेश गंझू, उपाध्यक्ष रुपेश गंझू, रूपन उरांव,कोषाध्यक्ष हसमुद्दीन अंसारी का चयन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए जो दायित्व सौंपा गया है उसे पार्टी के हित में पूरी ईमानदारी के साथ निभायेंगे। वहीं नौशाद अंसारी ने कहा कि झामुमो के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने चयनित सदस्यों से पंचायत के असहायों व जरूरतमंदों को सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। मौके पर सुधीर गंझू, सोनू अंसारी, महफूज अंसारी, महमूद अंसारी, साजिद अंसारी, तबरेज अंसारी, मंगल उरांव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। कमेटी का पुनर्गठन मतदान प्रक्रिया से किया गया। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। चुनाव के बाद नव चयनित सदस्यों को माला पहना कर स्वागत किया गया। संगठन विस्तार व मजबूत बनाने का निर्देश दिया गया। मनोज कुमार चंद्रा ने नव चयनित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कार्यकर्ता को पार्टी के रीढ़ समझ कर कार्य करना है। आपस में सभी को समन्वय स्थापित कर पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है।उन्होंने अबुआ सरकार के नीति व सिद्धांत को घर-घर पहुंचने का भी आह्वान किया। मौके पर जिला के पूर्व अध्यक्ष पंकज प्रजापति,आलोक रंजन,बैद्यनाथ दांगी,यदुनंदन पांडेय,राजेश कुमार कुशवाहा,बहादुर दांगी, देवनारायण दांगी,ज्ञानी दांगी,उपेंद्र दांगी के अलावे प्रखंड के विभिन्न पंचायत से जेएमएम कार्यकर्ता शामिल थे।

## लोकवाद यंत्र कला के माध्यम से सुदूरवर्ती गांव से दिल्ली तक पहुंचे कलाकार



**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत अमरवाडीह के सुदूरवर्ती गांव महुआटांड के सुरेंद्र कुजूर लोक वाद यंत्र के कला से दिल्ली तक सफर तय किया। लोग प्यार से एसके ब्रदर्स कहते हैं। सुदूरवर्ती गांव में पले बढ़े, गांव से बालूमाथ पैदल स्कूल जाकर पढ़ाई की। कहावत है की पंख से नहीं बल्कि हौसले से उड़ान भरे जाते हैं। एक गांव के झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले सुरेंद्र अपने हौसला को कभी नहीं खोया। लगन के साथ अपनी मेहनत कर गीत संगीत के माध्यम से आदिवासी कुड़ुख भाषा मे जिया। निन..पददा ता पेल्लओ.. जोहार ट्राईबल राजी, एन आदिवासी, आदिवासी राजी, नींघहन इरकन सहित दर्जनों गाना गाकर लोगों की दिल में जगह बनाया। सुविधा विहीन गांव महुआटांड सुदूरवर्ती गांव से दिल्ली तक पहुंचना मंच मिलना यह अपना जीवन की संघर्ष और मेहनत को याद दिलाई। जनजातीय कार्यक्रम दिल्ली मे मां शारदा संगीत संस्थान के तहत चयनित होकर टीम के साथ कला का प्रदर्शन किया। जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से दिल्ली में बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती गौरव दिवस में मां शारदा संगीत संस्थान के डायरेक्टर अजय कुमार ने टीम के साथ सुरेंद्र कुजूर को भी चयनित किया था।

## होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** होली व रमजान को लेकर मनिका थाना परिसर मे शुक्रवार को बीडीओ संदीप कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ संदीप कुमार ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हम सब को आपसी भाईचारे के साथ होली व रमजान को मनाना है। बीडीओ ने कहा कि पावन पर्व होली मे लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल जरूर लगएं पर ध्यान रहे किसी के साथ कोई जोर जबरदस्ती ना करें। एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि होली व रमजान पर्व में सोशल मीडिया पर जिला व पुलिस प्रशासन पैनी निगाह रखी हुई है। होली जैसे महापर्व मे असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस प्रशासन पैनी निगाह रखी है । अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगो से भी कहा कि किसी प्रकार के मामला हो प्रशासन से तुरंत संवाद करें। सोशल मीडिया विवादित मामले को पोस्ट करने से बचे। शांति समिति में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासनिक महकमा के बीच क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। एसबीआई रोड़ से शराब दुकान से लोगो को हो रही परेशानियो के बारे मे बताया गया। एसबीआई रोड़ में तेज रफ्तार मोटरसाईकिल चालक सहित पिकअप टेंपों चालको पर नकेल कसने की मांग की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, एसआई सत्येंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, सुरेंद्र भारती, ग्राम प्रधान रजत कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनकप कुमार, दिनेश राय, मिसरा मांझी, अख्तर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लकड़बग्घा की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल के पास एक मृत लकड़बग्घा को स्थानीय लोगों ने देखने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। इसके बाद वन कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर लकड़बग्घा के शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार जिला मुख्यालय स्थिति राजकीय पशु चिकित्सालया भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने हाई स्कूल के पीछे एक जानवर को मृत पड़ा देखा। जानवर को देखकर लोगों ने हल्ला मचा दिया कि बाघ की मौत हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मृत जानवर को देखा। वन विभाग के मनिका रेंजर ठाकुर पासवान के निर्देश पर पहुंची वन कर्मियों ने मृत जानवर की पहचान लकड़बग्घा के रूप में की। पोस्टमार्टम के लिए लाए वनपाल हरेंद्र ने बताया कि ऐसा लग रहा है, जैसे किसी वाहन के धक्के के कारण लकड़बग्घा की मौत हुई होगी।

## शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये होली का त्योहार : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** परिसर में शुक्रवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद थे। इंस्पेक्टर व बीडीओ ने बैठक में उपस्थित लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि रंगो का त्योहार होली भाईचारे के साथ मनाये। अफवाहों पर ध्यान न दें। पुनि रणधीर कुमार ने कहा कि त्योहार पर जिला प्रशासन के द्वारा भी निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पर्व के दौरान डीजे पर आपत्तिजनक गाना बजाने के साथ शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालो की भी खैर नहीं होगी। पर्व पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब प्रशासन को सूचना दें। थाना प्रभारी ने बैठक के दौरान होली के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की। मौके पर अलौदीया मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, रामयश पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, बाबर खान, संजय दुबे, निर्मल भारती, बंटी साह, जुल्फान खान, पुअनि सरोज सिंह समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का नौ वां वार्षिक उत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** चटनाही स्थित शिव परिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर का नौ वां वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बाईपास चौक पहुंची। इसके बाद थाना चौक से मुख्य पथ हो कर काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद मानस पथ हो कर औरंगा नदी तट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। वैदिक मंत्रोचारण त्रिभुवन पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में कृष्णा पासवान और उनकी पत्नी रीना देवी मौजूद थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि कलशों की स्थापना कर वेदी पूजन शुरू किया गया। आठ मार्च को वेदी पूजन किया जायेगा। नौ मार्च को भंडारा और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने इन सभी कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। मौके पर गोविंद प्रसाद, रामदेव प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, गजेंद्र प्रसाद, मुरारी प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, संतोष पासवान, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, चंद्रदेव प्रसाद, राहुल आरपीडी, पवन प्रसाद व चिंटू आदि मौजूद थे।


समाहरणालय लोहरदगा
(विकास – शाखा)

अल्पकालीन निविदा – सूचना

माननीय विधायक श्री चमरा लिण्डा द्वारा विधायक निधि अन्तर्गत लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो एवं सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के क्रय के लिए अनुशंसा किया गया है।

इच्छुक प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 22.03.2025 को 2:00 बजे अपराहन तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के निर्धारित शर्त कार्यालय के कार्य अवधि में एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

PR 348042 Lohardaga(24-25)D

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।

झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा,
ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के अलोक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत लोहरदगा जिले में मेजर कार्प मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक, मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा 22.03.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

आवश्यक शर्ते :–

(1) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता के पास मत्स्य हैचरी एवं हैचरी का सरकारी निबंधन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।
(2) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता को अपने मत्स्य हैचरी का विवरण एवं ब्रुडर का ऑकड़ा देना अनिवार्य है।
(3) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता को मत्स्य हैचरी का प्रति चरण स्पॉन उत्पादन के क्षमता से अवगत कराना अनिवार्य होगा।
(4) आपूर्ति किए जाने वाले स्पॉन में कम–से–कम 40 प्रतिशत कतला होना अनिवार्य होगा।
(5) स्पॉन की आपूर्ति प्रति ऑक्सीजन बैग पैकिंग में जिला मुख्यालय या अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न प्रखण्डो में निर्धारित कलस्टर स्थल तक जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में पहुँचा कर देना होगा।
(6) प्रति आक्सीजन बैग में आपूर्ति किए जाने वाले स्पॉन की संख्या हैचरी से वितरण स्थल तक की दूरी के अनुसार होगी, जिससे स्पॉन की उत्तरजीविता बनी रहे। प्रति ऑक्सीजन बैग में न्यूनतम 30,000 तथा अधिकतम 50,000 स्पॉन की पैकिंग स्वीकार की जायगी। स्पॉन आपूर्ति हेतु सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
(7) निविदादाता द्वारा निविदा के साथ प्रतिभूति राशि के रूप में मो 80000.00 / –रू0 मात्र का ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से लोहरदगा में भुगतेय होगा, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(8) समान मूल्य दर पर स्थानीय हैचरी संचालकों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए लोहरदगा जिला को छोड़कर झारखण्ड के अन्य जिलों के स्थानीय हैचरी संचालकों को अपने–अपने जिला के जिला मत्स्य पदाधिकारी से हैचरी का विवरण एवं उपलब्ध ब्रूडर का सत्यापन करा कर देने पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(9) निविदादाता को पैन नम्बर एवं वाणिज्यकर विभाग द्वारा पंजीयन (GST) की छायाप्रति एवं विगत तीन वर्ष 2022–23, से 2024–25 तक का आयकर रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(10) पूर्व में सरकारी क्षेत्र में स्पॉन आपूर्ति का कम से कम तीन वर्ष अनुभव एवं ब्यौरा निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
(11) स्पॉन की आपूर्ति हैचिंग के वैज्ञानिक मानकों एवं गुणवता आधरित मानकों के अनुरूप तय समय सीमा के अन्दर जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में की जाएगी। संबंधित का कार्यादेश को रद्द करते हुए प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायगी।
(12) निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर मत्स्य हैचरी की क्षमता का एवं उपलब्ध ब्रुडर का आंकड़ा असत्य पाये जाने पर सफल निविदादाता की प्रति भूति राशि जब्त कर ली जाएगी तथा उक्त दर पर द्वितीय सफल निविदादाता को मौका दिया जाएगा।
(13) इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का वाद का दावा नहीं किया जा सकेगा एवं बिना कारण बताए अद्योहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
(14) सरकारी / गैर सरकारी हैचरी अधिकतम 550 / रू0 प्रति लाख स्पॉन की दर विभाग द्वारा प्रस्तावित है, जिसमें से आपूर्ति किये जानेवाले स्पॉन के मूल्य का 90 प्रतिशत व्यय का वहन सरकार द्वारा तथा 10 प्रतिशत मत्स्य बीज उत्पादक द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
(15) निविदादाता चाहे तो स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।
(16) विभाग हित में निविदा की शर्तों में बिना कारण बताए, किसी भी समय बगैर पूर्व सुचना के स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः–

(1) विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
(2) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 22.03.2025 को 10.30 बजे पूर्वाह्न तक।
(3) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.03.2025 एवं 11.30 बजे पूर्वाह्न
(4) निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
(5) दिनांक 22.03.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
(6)निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि / एवं Lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 348021 (Lohardaga)24-25*D

## होली से पहले लोहरदगा में खाद्य सुरक्षा की बड़ी कार्रवाई

# फूड सेफ्टी ऑफिसर ने होटल-रेस्टोरेंट व किराना दुकानों की पर छापेमारी, कई पर जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा मे होली के अवसर पर लोगों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को जिले के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई दुकानों और किराना स्टोर्स पर छापेमारी की गई। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की स्थल जांच की गई और कई दुकानों से सैंपल लेकर उन्हें लैब टेस्ट के लिए भेजा गया। मौके पर रजनीश कुमार समेत जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे। छापेमारी के दौरान कई दुकानों में गड़बड़ियां पाई गईं, जिसके चलते कई प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाया गया और नोटिस जारी किए गए। पप्पू रेस्टोरेंट पर ₹10,000 का जुर्माना लगाया गया क्योंकि वहां बिना लाइसेंस के शराब की बिक्री हो रही थी। राजलक्ष्मी स्वीट्स पर ₹2,000 का जुमार्ना ठोका गया क्योंकि वहां खाद्य रंग (जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है) रखा गया था। राजलक्ष्मी किराना स्टोर पर ₹100 का आर्थिक दंड लगाया गया। अरुण आइसक्रीम सेंटर से स्पष्टीकरण मांगा गया। मिशन चौक के एक पिज्जा दुकान में बेहद गंदगी पाई गई, जिससे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान कई घुमंतू किराना दुकानों पर पान मसाला की भी जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि वे किसी भी हालत में निकोटिन युक्त पान मसाले का विक्रय और भंडारण नहीं करेंगे। इसके अलावा, खाद्य सामग्रियों पर निर्माण तिथि (मैन्युफैक्चरिंग डेट) और समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) अनिवार्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार ने होटल संचालकों को निर्देश दिया कि होटल के सभी स्टाफ को मेडिकल फिटनेस टेस्ट कराना अनिवार्य होगा।

होटल में पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाएगी और सभी होटल संचालकों को फूड सेफ्टी संबंधी प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न होटलों और दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें लैब में जांच के लिए भेजा गया। होटल पर्ल से पनीर का सैंपल लिया गया, होटल रूद्राक्ष से तेल और रिफाइंड का सैंपल जांच के लिए भेजा गया, राजलक्ष्मी स्वीट्स और डाबला होटल से रसगुल्ला की गुणवत्ता की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि इस तरह की अचानक छापेमारी आगे भी जारी रहेगी ताकि जनता को मिलावटी और हानिकारक खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके। सभी होटल, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों को स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी गई। इस अभियान से यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए किसी भी स्तर पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### शांति व सौहार्द से रमजान माह की पहली जुम्मे की नमाज अदा की गई



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के पहली जुम्मे की नमाज अदा की गई। प्रखंड क्षेत्र के डांडू, उगरा, अरु, झखरा, सेन्हा, कल्हेपाट, सेरेंगहातु सहित विभिन्न मस्जिद में रमजान माह की पहली जुम्मे की नमाज मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शांति व सौहार्द के साथ अल्लाह की इबादत में अदा किया गया। वही नूरी जमा मस्जिद के इमाम गुलाम मुस्तफा ने कहा कि रमजान माह की एक एक नेकी पर 70 गुना सवाब मिलता है। इस माह में कुरान में नमाज का जिक्र और अल्लाह द्वारा गरीबों की मदद के साथ हराम कामों से बच कर नेकी करने के लिये फरमाया गया है। जिसे हिसाब किताब के दिन आप सब का निकी भारी हो। जिसे पवित्र माह रमजान में औरत घर में और पुरुष मस्जिद में नमाज अदा कर रब को राजी करें वही प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मस्जिदों के इमामो के द्वारा रमजान माह की बरकत और रहमत तथा मुस्लिम धर्म के विस्तार से लोगों को बताया गया।

### निशुल्क सनातन शिक्षा केंद्र का शुभारंभ करने आ रही नीदरलैंड की समाजसेवी

**लोहरदगा।** लोगो को सनातन हिंदू धर्म से परिचित कराने के लिए लोहरदगा में सनातन शिक्षा केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है। वैदिक गुरुकुल के नाम से प्रारंभ हो रहे संस्था जनमानस में सनातन संस्कृति के प्रति चेतना उत्पन्न करने के कार्य करेगी। संस्था का मुख्य उद्देश्य है सरल रूप से- वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य एवं वैदिक विद्वानों द्वारा निशुल्क दिए जाएंगे। इस केंद्र का उद्घाटन रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर कोर्ट रोड पावरगंज चौक मैं दिनांक 9/3/2025 दिन रविवार को अपराहन 3:00 बजे किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीदरलैंड, (यूरोप) से समाजसेविका सावित्री गजाधर, अध्यक्षता- वीरेंद्र मित्तल, विशिष्ट अतिथि- मदन मोहन पांडेय, राजेंद्र खत्री, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

### प्रेरणा बुटीक एंड एक्सक्लूसिव का उद्घाटन



**लोहरदगा।** स्थानीय एम जी रोड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप प्रेरणा बुटीक एंड एक्सक्लूसिव का उद्घाटन लोहरदगा की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ आइलीन के द्वारा फिता काटकर तथ श्रीफल फोड़कर किया गया। प्रेरणा बुटीक में महिलाओं से सम्वन्धित डिजाइनर सूट, साड़ी, इमिटेशन जेवेलरी, पर्श का सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध किया गया है। इसके अलावे ब्लाउज, सूट इत्यादि की सिलाई तथा कढ़ाई बुनाई, फाउल पिको की सुविधा भी उपलब्ध है। बुटिक के शुभारंभ में अतिथि रितेश कुमार अध्यक्ष, लोहरदगा चैंबर, नितेश अग्रवाल, उत्तम शर्मा, राजेश सोनी, रामकुमार सिंह, रंजन खत्री, सुमन खत्री, बन्दना साहू, मुक्ता पांडेय, राजकुमारी खत्री, करुणा गुप्ता, विनीता देवी, नामृता विश्वकर्मा, नवनीता, नीति मित्तल, शिखा मितल इत्यादि समेत अनेको अतिथि उपस्थित रहें।

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का कुडू में हुआ स्वागत



**कुडू - लोहरदगा।** एक दिवसीय पलामू दौरे से लौटने के क्रम में झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू का कुडू में स्वागत किया गया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक मौजूद थे। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव फहद खान के दिशा निर्देश पर उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर प्रदेश प्रभारी श्री राजू ने कहा कि हम सभी पार्टी नेता निचले स्तर से पार्टी कार्यकर्ताओं से राय-मशविरा कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं से सुझाव लेने उनकी समस्याओं को समझने का काम कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाना और सभी को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना है। स्वागत करने वालो में साजिद रजा खान, फजल खान, फैसल खान, मो साजिद, गुफरान खान, तफ़्सीर आलम, अरशद खान आदि शामिल थे।

## इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा बगीचा टोली निवासी चारु उरांव के 18 वर्षीय पुत्री ऋतु कुमारी ने अपने एल्वेस्टर के घर में कंडी से साड़ी का फंदा बना गुरुवार देर शाम आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना रात्रि में ही स्थानीय पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंच आत्महत्या घटना को अंजाम देने का जायजा लिया जबकि शुक्रवार सुबह सेन्हा थाना पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज पुलिस द्वारा अग्रतर करवाई आरम्भ कर दिया गया।परिजनों के अनुसार बता दें कि घटना के पूर्व घर के सभी सदस्य फसल की सिंचाई करने खेत चले गए थे।देर शाम जब लड़की की मां घर पहुंची तो देखा कि घर के अंदर कंडी में साड़ी से फंदा बना कर ऋतु झूली हुई थी।

## मैट्रिक में 771 छात्र-छात्राओं ने दी हिंदी का परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को हिन्दी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिए झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के 418 छात्र छात्राओं में से 415 विद्यार्थियों ने हिन्दी का परीक्षा दिया।वही तीन छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय में 459 विद्यार्थियों में से 456 छात्र छात्राओं ने हिन्दी का परीक्षा दिया तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वही केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए। बताया कि झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित शुक्रवार को निर्धारित समय पर हिन्दी का परीक्षा प्रारम्भ हुआ।साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र-छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। जिसे प्रखंड क्षेत्र से कुल 777 विद्यार्थियों में 771 छात्र छात्राओं ने दोनों परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो हिन्दी का परीक्षा दिये 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## विधायक दल के नेता बाबूलाल को दी बधाई

### लोहरदगा कार्यकर्ताओं ने रांची पहुंचकर किया भव्य स्वागत




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी के चयन पर पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोहरदगा भाजपा के सक्रिय सदस्य पवन तिग्गा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची स्थित बाबूलाल मरांडी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें विधायक दल के नेता बनने की बधाई दिए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ते व माला पहनकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके नेतृत्व में झारखंड में भाजपा और अधिक सशक्त होगी और संगठन को नई दिशा मिलेगी। प्रतिनिधि मंडल में राजकुमार वर्मा, दीपक कुमार साहू, सत्यम कुमार, विकास अग्रवाल, राजकुमार पंडित सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने अपने पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के अनुभव और कुशल नेतृत्व में झारखंड में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में पार्टी को लाभ होगा।

## सीएससी सेंटर से लैपटॉप, रजिस्टर समेत अहम दस्तावेज जब्त

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड में फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के गोरखधंधे का पदार्फाश हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर भंडरा अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को भंडरा झखरा कुंबा स्थित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी पर छापेमारी की गई। इस दौरान सीएससी संचालक मिंटू रिजवी पर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार करने और प्रशासनिक अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रमाण पत्र जारी करने का गंभीर आरोप लगा है। कार्रवाई के दौरान सीएससी सेंटर से लैपटॉप, कई महत्वपूर्ण रजिस्टर, आधिकारिक सील और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिन्हें भंडरा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इन दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी, जिससे पता लगाया जा सके कि कितने फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और किन-किन लोगों को इसका फायदा मिला है। सीओ दुर्गा कुमार ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि सीएससी संचालक मिंटू रिजवी प्रशासनिक अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रमाण पत्र तैयार करता था।

### स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेमीफाइनल मैच संपन्न

## आज फाइनल मैच में भिड़ेंगी जेएससीए व कोलकाता की टीमें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बलदेव साहू स्टेडियम में आईपीएल के तर्ज पर चल रहे एलपीएल का शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। साहू परिवार और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो पालियों में दो मैच हुआ। तीसरे दिन प्रतियोगिता के पहले पारी में जेएससीए टीम ने मुंबई की टीम को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई की टीम 18 ओवर 2 बॉल में 102 में ऑल आउट हो गई। मुंबई की ओर से हर्ष ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। वहीं श्रेष्ठ ने 23 रन और आलोक ने 15 रनों का योगदान दिया। जेएससीए की ओर से पंकज ने सर्वाधिक 4 विकेट और शमशाद ने 2 विकेट लिए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी जेएससीए की टीम ने महज 13.3 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम की ओर से अरविंद 33, पंकज 27, शाहिल 17 और श्रेष्ठ ने 15 रनों का योगदान दिया। मुंबई के गेंदबाज अनुज और नितेश ने 2, 2 विकेट प्राप्त किया। वहीं दूसरे मैच में लक्ष्मी रतन शुक्ला क्रिकेट एकेडमिक कोलकाता की टीम ने दिल्ली को दो रनों से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर कोलकाता की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाए। टीम की ओर से विशाल भाटी ने 96, सौरभ ने 64, प्रियांशु ने 58 रनों का योगदान दिया। वहीं दिल्ली के गेंदबाज भगवान, विशाल और ऋषभ ने 2, 2 और सुभाष और अजय ने 1, 1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी दिल्ली टीम की ओर से बल्लेबाज सौरभ सागर 64, अजय राणा 51, कृष यादव 25, आदित्य 26, तरुण कौशिक 23, भगवान सिंह ने 19 रनों का योगदान दिया।

### आज पहुंचेंगे हरभजन सिंह और सुरेश रैना

8 मार्च को फाईनल मैच में इंडियन क्रिकेट टीम के धुरंधर खिलाड़ी हरभजन सिंह और सुरेश रैना शिरकत करेंगे। जो टीम बनाकर फैंसी मैच भी खेलेंगे। इसके अलावा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, विधायक रामेश्वर उरांव सहित अलग अलग क्षेत्रों के विधायक भी फाइनल मैच में शामिल होंगे।


## कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

**बन्दोबस्ती सूचना ( 2nd Call)**

**भण्डरा टेम्पो स्टैण्ड**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जिला परिषद् के नियंत्राधीन टेम्पो स्टैण्ड की बन्दोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथियों को की जायेगीः–

| क्र0 | बस स्टैण्ड/हाट का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | भण्डरा टेम्पो स्टैण्ड | 5,50,620/- | 55062/- | 15.03.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 17.03..2025 अपराह्न 03:15 बजे |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 4 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो तथा संबंधित अंचल अधिकारी या उच्च स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र के साथ डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवम् शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले की वेबसाइट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.348052 Lohardaga(24-25):D

## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**|| आम डाक सूचना ||**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सैरातों का बन्दोबस्ती दिनांक–18.03.2025 को अपराह्न 11:30 बजे से कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकवक्ता वित्तीय वर्ष– 2025–26 के डाक की शर्तो का अक्षरशः पालन करते हुए भाग ले सकते है।

**डाक की जाने वाले सैरातों की विवरणी निम्न प्रकार हैः–**

| क्र0 | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की राशि | डाक बोलने हेतु जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शहरी क्षेत्र में सभी व्यावसायिक वाहनों का पड़ाव सह चूंगी वसूली | 64,07,500.00 | 6,40,750.00 |
| 2 | बड़ा गुदरी अपर बाजार | 9,71,300.00 | 97,130.00 |
| 3 | पत्तराटोली स्थित गुदरी | 3,32,558.00 | 33,256.00 |
| 4 | मुविंग ठेला | 4,89,621.00 | 48,962.00 |
| 5 | सोमार बाजार (साप्ताहिक) | 1,59,600.00 | 15,960.00 |

नोटः– सैरात डाक की विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर परिषद लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 348091 Lohardaga(24-25)#D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा

(विकास शाखा)

**अतिअल्पकालीन कोटेशन सूचना**

डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर / प्रशिक्षण संस्थान में एक वर्ष में प्रयोग होने वाले खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) से संबंधित एवं अन्य विविध सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दर निर्धारण किया जाना है। उक्त के निमित दिनांक 15.03.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक सामग्रियों के क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। खेल एवं अन्य विविध सामग्रियों की सूची कार्यालय अवधि में विकास शाखा, लोहरदगा एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

1. कोटेशन के साथ स्वहस्ताक्षरित पैन नं0., आधार नं0 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. G.S.T निबंधन तथा अद्यतन G.S.T Return की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. संबंधित प्रतिष्ठान यदि सरकारी विभाग में खेल एवं अन्य संबंधित सामग्री आपूर्ति किये होंगे, उसका अनुभव प्रमाण – पत्रा कोटेशन के साथ संलग्न कर सकते हैं।
4. संबंधित प्रतिष्ठान काली सूची में दर्ज नहीं है, इस आशय का शपथ पत्रा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) एवं अन्य विविध सामग्रियों को एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. सामग्रियों को लाने / ले जाने का भाड़ा देय नहीं होगा।
7. किसी भी कोटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त,
लोहरदगा

PR 348086 Lohardaga (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।

अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25/RE(5th Call), दिनांक–08.03.2025

PR No-346275 Rural Development(24-25):D

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 02 माह | Group-01 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–08.03.2025 से दिनांक–15.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–17.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,
गढ़वा।

PR 348067 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

(अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**

**(Very Short term Tender Notice)**

लोहरदगा जिला अन्तर्गत 30 KVA Silent Generator for badminton court at Madhusudan Lal Agarwal Inter College, ward no.16, lohardaga के अधिष्ठापन के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **17-03-2025** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 17-03-2025 के 12:30 बजे (अपराह्न)** को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 348051 Lohardaga(24-25).D

## न्यूज | बॉक्स

### कड़ी सुरक्षा और अनुशासन के बीच हुआ परीक्षा संपन्न

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड में 10वीं कक्षा की मैट्रिक परीक्षा का आयोजन आज से शुरू हो गया है। यह परीक्षा 18 फरवरी से 08 मार्च तक चलेगी। इस परीक्षा में प्रखंड के छात्रों के लिए कुल परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां छात्रों को अपनी परीक्षा देने का अवसर मिला।परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक उपाय किए गए थे। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। इसके साथ ही, परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई थी, जिससे परीक्षा पूरी शांति के साथ संपन्न हुआ ।घाघरा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, ने भी परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कक्षों में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य किसी प्रकार के चिट-पुर्जे की जांच किया था। इसके दौरान परीक्षार्थियों को स्पष्ट हिदायत दी गई थी कि वे किसी भी प्रकार की नाजायज गतिविधियों से दूर रहें। परीक्षा में कदाचार मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश भी दिए गए थे।छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए वॉलेंटियर्स की तैनाती की गई है, ताकि उन्हें परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस प्रकार, घाघरा प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा का आयोजन सुचारू और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ। जिससे छात्रों को एक सकारात्मक परीक्षा अनुभव मिला। प्रबंधन की इस तत्परता से छात्रों में भी उत्साह देखने को मिला।

### चैनपुर में वाहन जांच अभियान, छह चालकों का चलाना काटा गया

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में प्रेमनगर और बस स्टैंड के समीप एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करना था।अभियान के दौरान पुलिस ने छह वाहनों के चालकों का चालान काटा। इन चालकों में से कई बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, जबकि कुछ ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में पकड़े गए। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक गुमला, शंभू कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया था।अभियान के दौरान, कई चालकों ने चेकिंग टीम को देखकर वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सख्ती से नियमों का पालन कराने का निर्णय लिया। कुन्दन चौधरी ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि सड़क पर सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

### चैनपुर बरटोली में जंगली हाथी का आतंक, चार घरों को किया नुकसान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के चैनपुर बरटोली गांव में एक जंगली हाथी ने गुरुवार को रात के लगभग 12 बजे चार किसानों के घरों को ध्वस्त कर दिया। हाथी ने घरों को घुमकर तोड़ा और अनाज को चट कर गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी पहले जशिंता तिर्की के घर में घुसा, जहां उसने दो कमरों को तोड़ दिया। हाथी की आहट सुनकर परिवार के सदस्य जान बचाने के लिए भाग गए। इसके बाद, हाथी हल्दा कुजूर के घर में घुसा, जहां पूरा परिवार सो रहा था। हाथी ने दीवार को गिरा दिया, जिससे परिवार के सदस्य घबरा गए। परदेशी देवी के घर की दीवार भी हाथी ने तोड़ी, जबकि सरोज कुजूर के घर में रखे लगभग 50 किलोग्राम धान, चावल और बदाम को चट कर दिया। इसके साथ ही, हाथी ने बोरों में रखे धान को भी नुकसान पहुंचाया। पीड़ितों ने बताया कि यह क्षेत्र में हाथी की बार-बार आने की घटना है, लेकिन इस बार काफी नुकसान हुआ है। पीड़ितों ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है।

### भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत, पल्सर बाइक दो टुकड़ों में बंटी

**पालकोट।** पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा सेंटर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें पल्सर बाइक सवार अंजन उरांव (पिता स्व. महादेव उरांव), निवासी ग्राम एंबेरा करोंदाजोर, थाना भरनो, जिला गुमला, बुरी तरह घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक दो टुकड़ों में बंट गई। पालकोट पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसके परिजन अस्पताल नहीं पहुंचे थे। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी की घटनाओं से दहशत, आर्मी जवान के घर भी चोरों ने बोला धावा

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है। बीते पंद्रह दिनों में चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया है, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। ताजा मामला भरनो के हॉस्पिटल चौक का है, जहां अज्ञात चोरों ने सेना के जवान संजय बड़ा के घर में सेंध लगाकर 80 हजार रुपये नकद, इन्वर्टर, बैटरी, चांदी के गहने, कांसे के बर्तन और कपड़े समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। संजय बड़ा मणिपुर में तैनात हैं और बहन की शादी के सिलसिले में अपने पैतृक गांव मोरगांव आए हुए थे। भरनो में उनका नया मकान है, जहां उनकी पत्नी सुनीता तिर्की अकेली रहती हैं। बीते बुधवार को वे किसी काम से रांची गई थीं, जबकि संजय मोरगांव में थे। जब सुनीता शुक्रवार को लौटीं, तो उन्होंने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर अलमीरा तथा बक्से खुले पड़े थे। चोरी की जानकारी मिलते ही भरनो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोग लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से चिंतित हैं। पुलिस गश्त के दौरान सायरन तो बजाती है, लेकिन चोर उनके नाक के नीचे से चोरी कर निकल जाते हैं। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने भरनो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। शुक्रवार को गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने भरनो थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति को जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस सक्रियता बढ़ाए और इन चोरियों का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार करे, ताकि क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त की अहम बैठक

# दुर्घटनाओं की रोकथाम पर दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर गहन चर्चा हुई। इस दौरान उपायुक्त ने दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सड़क किनारे साइनेज बोर्ड लगाने, खतरनाक मोड़ों पर कैट्स आई, रेडियम पेंट और डेलीनेटर लगाने तथा गड्ढों की मरम्मत जल्द कराने के आदेश दिए। इसके साथ ही, ब्लैक स्पॉट और वल्नरेबल स्पॉट पर शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने को कहा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े फैसले

- घुमावदार सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाने के निर्देश, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी।
- बाईपास रोड पर निर्माण कार्य के साथ सुरक्षा साइनेज लगाने का आदेश।
- बसिया प्रखंड स्थित कोयल नदी पुल के क्षतिग्रस्त गार्डवाल की जल्द मरम्मत के निर्देश।
- 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान चलाने का फैसला, जिससे बिना हेलमेट पेट्रोल न मिले।
- शहर और ग्रामीण इलाकों में बाइक चेकिंग अभियान जारी रहेगा ताकि रैश ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर रोक लग सके।
- नियमों का उल्लंघन करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने का निर्देश।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, विभिन्न अनुमंडल पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, सड़क सुरक्षा टीम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा को लेकर हरसंभव आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, सख्त कार्रवाई के निर्देश

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन रोकने में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है, और सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करना होगा, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। उपायुक्त ने विशेष रूप से रात्रि में अवैध खनिज परिवहन की सघन जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही, अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि खनिज लदे वाहनों की सख्ती से जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन परिवहन चालान के साथ चलें तथा ओवरस्पीडिंग न हो। बैठक में उपायुक्त ने खनन पट्टा धारकों और क्रशर संचालकों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी क्रशर इकाइयों के बॉउंड्री पीलर, साइन बोर्ड लगे हों और वहां नियमित पानी का छिड़काव किया जाए।


**कार्यालय,असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

विज्ञापन संख्या–09/2024–25 दिनांक–07.03.2025

संविदा आधारित नियुक्ति–सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–09/2024–25 दिनांक–07.03.2025 गढ़वा जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर Upload किया गया है।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गये पद की अर्हत्ता के अनुसार, निबंधित डाक से निर्धारित अंतिम तिथि **24.03.2025 (सोमवार) तक** असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के पते पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञापन में दिए गये शर्तों एवं निर्देश के आलोक में सुस्पष्ट अक्षर/कम्प्यूटरीकृत आवेदन पत्र को भरकर वांछित सभी कागजातों के साथ जमा करेंगे। त्रुटिपूर्ण, अधूरा अथवा अस्पष्ट, अपठनीय आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति संबंधी अन्य सुचनाएँ अधिकारिक रूप से समय–समय पर, समाचार–पत्र एवं जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर पर उपलब्ध है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 348075 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/19/2024-25_RE(2nd Call), दिनांक–06.05.2025

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत खरौंधी प्रखण्ड के पंचायत अरंगी ग्राम–तोरेलावा में डोमनी घाटी पर स्कूल के पास डोमनी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 42644800.00 | 8,53,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 58.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–10.03.2025 से दिनांक–24.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–26.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,
गढ़वा।

PR 348070 Rural Development(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा**

जिला अनाबद्ध निधि योजना मद, दिनांक–08.03.2025
अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/21/2024-25_RE(3rd Call)
PR No-346263 Rural Development(24-25):D

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक– 08.03.2025 से दिनांक– 15.03.2025 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–17.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पढ़ुआ के भौराहा टोला में रेलवे लाईन से मुख्य बस्ती होते हुए राजनाथ पासवान के पराश पेड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | पढ़ुआ | पढ़ुआ | 9,86,900.00 | 1250 | 19738 | 03 माह | 47 |
| 2 | ग्राम भण्डार में डिहवार बाबा के भरदुल बियार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | लोवादाग | भण्डार | 8,38,200.00 | 1250 | 16764 | 03 माह | 48 |
| 3 | थाना मोड़ कुर्बान राम के घर से धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | रंकाकला | | 4,40,500.00 | 750 | 8810 | 03 माह | 57 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 348069 Rural Development (24-25)_D



**असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।**

(निविदा शुद्धि सूचना)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निविदा संख्या 92 दिनांक – 22/02/2025 को Advt. PR No-347053 अपरिहार्य कारण से दिनांक 17/03/2025 को संध्या 05:00 बजे तक विस्तारित की जाती है, उक्त निविदा की सभी शर्ते एंव नियम यथावत होंगे। निविदा गठित क्रय समिति के समक्ष दर निर्धारण हेतु दिनांक 18/03/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तकनीकि भाग एवं 19.03.2025 को अपराहन् 3:00 बजे वित्तिय भाग सिविल सर्जन कार्यालय के सभाकक्ष में खोला जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक
– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 348073 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर परिषद गढ़वा**

अति अल्पकालीन निविदा/मूल्य कथन आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पद नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।
2. निविदा/कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 को 2.30 बजे अपराह्न।
3. मूल्य कथन खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 को 3.00 बजे अपराह्न।
4. मूल्य कथन प्राप्त करने की स्थान :– कार्यालय नगर परिषद गढ़वा।

| Sl.No. | Name Of Equipments | Company Name | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | Vapour Bulb 250 Watt | Bajaj, Philips, Surya, Havells, Crompton | प्रति नग |
| 2 | Vapour Choke 250 Watt | | प्रति नग |
| 3 | Vapour Holder 250 Watt | | प्रति नग |
| 4 | Vapour Igniter 250 Watt | | प्रति नग |
| 5 | PVC Copper Wire 1.5 mm | Polycab, Havells | प्रति बंडल |
| 6 | PVC Copper Wire 2.5 mm | | प्रति बंडल |
| 7 | Glass Cover Vapour Lamp Big Size | Bajaj, Philips, Surya, Havells, Crompton | प्रति नग |
| 8 | Glass Cover Vapour Lamp Small Size | | प्रति नग |
| 9 | PVC Wire Tape | Anchor | प्रति नग |
| 10 | Switch 16A Anchor + Cover | | प्रति नग |

नोट :– 1. सामग्रियों का मूल्य कथन प्राप्त होने के पश्चात् आवश्यकतानुसार आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।
2. निविदा में भाग लेने वाले अधिकृत विक्रेता को मूल्य कथन दर के साथ 5,000 (पॉच हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa के पद नाम से दे होगा, जो वापस नहीं किया जाएगा।
3. विस्तृत सूचना/शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेवसाईट Udhd.jharkhand.gov.in gharhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद,गढ़वा।

PR.NO.348102 Urban Development(24-25):D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–06/2024–25, दिनांक–14.10.2024 से संविदा आधारित विभिन्न पदों (Pharmacist, STLS, LT & STS) पर नियुक्ति हेतु प्राप्त कुल आवेदन पत्र–145 की संवीक्षा एवं दावा/आपत्ति यो निराकरण के पश्चात कुल–90 अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र स्क्रूटनी समिति द्वारा स्वीकार योग्य पाया गया। Pharmacist पद हेतु 18, LT पद हेतु 17, STLS पद हेतु 2 एवं STS पद हेतु 53 अभ्यर्थियों का आवेदन लिखित परीक्षा हेतु स्वीकृत किया गया है। सन्दर्भित सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित है। **संबंधित योग्य अभ्यर्थियों का लिखित विषय ज्ञान परीक्षा RK CM School of Excellence Girls, Garhwa में (स्टेडियम के बगल में) दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को प्रथम पाली में फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन (10 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे मध्याह्न तक) एवं द्वितीय पाली में STLS एवं STS (2 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न तक) निर्धारित है।** पालीवार परीक्षा से संबंधित सूची एवं आदेश जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है।

**लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आवश्यक निर्देश :–**

1. लिखित परीक्षा के प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को पूर्वाह्न 9:00 बजे एवं द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को अपराह्न 01:00 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
2. परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व उम्मीदवार को अपना–अपना स्थान ग्रहण कर लेना है।
3. परीक्षा आरम्भ होने के बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा।
4. परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाना सख्त वर्जित है। इसे परीक्षा केन्द्र पर जमा करने की सुविधा नहीं रहेगी।
5. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने के पूर्व परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जा सकेगा।
6. परीक्षा हेतु प्रवेश के समय आवेदकों को अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति जिस पर अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो (ऊपर दाहिनी ओर) चिपका हुआ हो, साथ लाना अनिवार्य होगा, जिसे काउंटर/टेबल पर जमा किया जायेगा। काउंटर (टेबल नम्बर) संबंधी सूचना परीक्षा केन्द्र के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जायेगा। तथा उसी काउंटर (टेबल नम्बर) से प्रवेश पर्ची मोहर लगाकर आवेदक को दी जायेगी, जिसे लेकर ही अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेंगे। साथ ही मूल पहचान पत्र भी दिखाना अनिवार्य होगा। अन्यथा परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 348076 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।**
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

आवश्यक सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में झारखण्ड सरकार , स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) अधिसूचना संख्या 8/वि0–1–29/2011–237 दिनांक 16.02.2016 के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (Recognized Private Schools) के कक्षा –1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता युक्त एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग/बी0पी0एल0 (जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 72000/–(बहत्तर हजार) रूपये से कम हो तथा अंचलाधिकारी से आय प्रमाण पत्र निर्गत हो) बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस हेतु लोहरदगा जिले के अभिवंचित/बी0पी0एल0 कोटि के सभी बच्चों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि जिले में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा –1(Class-1) में नामांकन हेतु आवेदन www.jeplohardaga.in पर दिनांक 25.02.2025 तक किया जाना था, को विस्तारित करते हुए दिनांक 15.03.2025 तक किया जाता है। नामांकन से संबंधित अधिसूचना एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है। विद्यालयों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा। | 12 | |
| 2. | एम0बी0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, लोहरदगा। | 08 | |
| 3. | संत लॉरेन्स स्कूल झिंको चट्टी, भण्डरा, लोहरदगा। | 10 | |
| 4. | संत चार्ल्स स्कूल, जांगी, कुडू, लोहरदगा। | 30 | |
| 5. | संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा। | 10 | |
| 6. | के0के0एम0 पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा। | 10 | |
| 7. | अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कुडू। | 13 | |

गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु प्रवेश कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| क्र0 | नामांकन हेतु कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन प्रक्रिया की शुरूवात एवं ऑनलाइन फार्म भरने की प्रारंभिक तिथि | 28.01.2025 |
| 2 | वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 15.03.2025 |
| 3 | नामांकित बच्चों की सूची प्रकाशित करने की तिथि | 29.03.2025 |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 348023 (Lohardaga) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को फॉरमुलेटेड स्पॉन मैश फीड उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

1. निविदा की राशि – 4.40/– (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 25000.00 (पच्चीस हजार) – रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अंतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 22.03.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 22.03.2025 एवं पूर्वाह्न 11.30 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान –सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. दिनांक 22.03.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि/एवं Lohardaga.inc.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 348016 Lohardaga(24-25)#D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपकी मुस्कुराहट में अनंत परमात्मा की हँसी स्पन्दित होनी चाहिए। उनके प्रेम की बयार को दूसरों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहटें फैलाने दें। उनका तेज संक्रामक होगा। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## दक्षिण से उठ रहे हिंदी समर्थक स्वर

भाषाएं उन लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा होती हैं, जो उन्हें मातृभाषा के रूप प्रयोग करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन दक्षिण की बहुत पुरानी राजनीतिक का नया दांव भाषा के मुद्दे पर तमिलनाडु में खेल रहे हैं। पर अब बाजार और रोजगार की भाषा के रूप स्थापित हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। वही श्रीधर वेंबु सार्वजनिक तौर पर कह रहे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी नुकसान को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसका प्रचार भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोलियों के अस्तित्व को उसने निगल लिया है जबकि सच यह है कि हिंदी इन भाषाओं के बीच संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है। वह उन भाषाओं से शब्दों को लेकर समृद्ध भी हो रही है। श्रीधर वेंबू जैसे घोर तमिलभाषी व्यक्ति का हिंदी के समर्थन में सामने आना और उनके साथ तमिलनाडु ही नहीं, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना आदि के लोगों का खड़ा होना सामान्य घटना नहीं है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु के आम जन की जो छवि कम से कम उत्तर भारत में बनी है, तमिलनाडु से हिंदी के समर्थन में उठने वाली ये आवाजें उसे खंडित कर रही हैं। श्रीधर वेंबु जैसी महत्वपूर्ण स्वरों का हिंदी के समर्थन में उठना तमिलनाडु के आमजनों की कथित हिंदी विरोधी छवि का भी जवाब है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे आर्थिक विचारक एस गुरूमूर्ति तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक हलके की महत्वपूर्ण आवाज हैं। लेकिन हिंदी को लेकर तमिलनाडु में जो सामान्य धारणा रही है, उसकी वजह से हिंदी समर्थक उनके सुर को तमिल भूमि में गंभीरता से लेने से बचा जाता रहा है। लेकिन श्रीधर वेंबु की आवाज और उनके समर्थन में सोशल मीडिया मंचों पर उमड़े युवा स्वरों ने गुरूमूर्ति की हिंदी समर्थक आवाज को ताकत दी है। गुरूमूर्ति भी खुलकर हिंदी विरोधी राजनीति के खिलाफ अपने तर्क दे रहे हैं और उन तर्कों को तमिलनाडु में ध्यान से सुना-पढ़ा जा रहा है। हिंदी का समर्थन करते हुए श्रीधर यह भी कह रहे हैं कि उनकी कंपनी का कामकाज तमिलनाडु की तुलना में दूसरे राज्यों में ज्यादा है। जहां उनकी कंपनी अपने तमिल अधिकारियों और प्रोफेशनल को भेजने में हिचकती है, क्योंकि वे दूसरे राज्यों में सहज संवाद विशेषकर जमीनी स्तर पर नहीं कर पाते।

*मुख्यमंत्री एम के स्टालिन दक्षिण की बहुत पुरानी राजनीतिक का नया दांव भाषा के मुद्दे पर तमिलनाडु में खेल रहे हैं।*

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : हर बेटी, हर मां, हर महिला के लिए बदलाव की लहर

# आज उत्सव नहीं, ज्वाला बढ़ाते रहें



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 एक अडिग संकल्प के साथ हमारे सामने है – नारी शक्ति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान। यह दिन कहता हैः अब रुकने का वक्त नहीं, अब झुकने की बात नहीं, अब सिर्फ आगे बढ़ने का इरादा है। इस साल की थीम कार्रवाई में तेज़ी लाना कोई साधारण नारा नहीं, बल्कि एक शंखनाद है – जो महिलाओं के हक, उनकी बराबरी और सशक्तिकरण के लिए गूंजता है। यह हर उस बाधा को चुनौती देता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में नारी की राह को रोकती है। अब केवल शब्दों से काम नहीं चलेगा, जरूरत है तेज, ठोस और ताकतवर कदमों की – ताकि शिक्षा की किरण, रोजगार की राह और निर्णय की कुर्सी पर नारी का अधिकार अटल हो।

महिला दिवस का मकसद सिर्फ उत्सव मनाना नहीं, बल्कि उस ज्वाला को प्रज्वलित करना है जो हर महिला को यह एहसास दिलाए कि वह कमजोर नहीं, बल्कि एक शक्ति है। यह दिन हमें उनकी हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। महिलाओं की समस्याएं हमारे समाज की जड़ों में गहरे तक धंसी हैं, मानो कोई अभिशाप जो पीढ़ियों से चला आ रहा हो। घर की चारदीवारी से लेकर बाहर की दुनिया तक, हर कदम पर चुनौतियां उनकी प्रतीक्षा करती हैं। शिक्षा का अभाव उनके सपनों को कुचलता है, स्वास्थ्य की उपेक्षा उनकी सांसों को कमजोर करती है, रोजगार में भेदभाव उनकी मेहनत को ठुकराता है, और हिंसा की छाया उनकी आजादी को छीनती है। गांवों में एक मां अपनी बेटी को स्कूल भेजने से पहले डरती है कि कहीं समाज की कुदृष्टि उसकी मासूमियत पर न पड़ जाए, तो शहरों में एक कामकाजी महिला दोहरे बोझ तले अपनी पहचान के लिए संघर्ष करती है। दहेज की आग, बाल विवाह की बेड़ियां और यौन उत्पीड़न की पीड़ा आज भी नारी के जीवन को घेरे हुए हैं।

लेकिन इन अंधेरे बादलों के बीच उम्मीद की किरणें भी चमक रही हैं। पिछले कुछ सालों में मोदी सरकार ने कई ऐसे कदम उठाए हैं जो नारी की हर छोटी जरूरत को समझते हुए उसे सशक्त करने का रास्ता दिखाते हैं। शिक्षा को नारी की आजादी का पहला द्वार मानते हुए "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान ने समाज की सोच को झकझोरा। जहां कभी बेटियां गर्भ में ही दम तोड़ देती थीं, आज स्कूलों में उनकी हंसी गूंजती है। स्कूलों में शौचालयों का निर्माण सिर्फ ईंट-पत्थर की बात नहीं, बल्कि उस बेटी की गरिमा की रक्षा है जो पहले इन सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई छोड़ देती थी। सुकन्या समृद्धि योजना ने हर मां-बाप के दिल में एक सपना बोया – 8.2% ब्याज के साथ उनकी बेटी की शिक्षा और शादी का भविष्य सुनहरा बनाना। यह योजना उस पिता की चिंता को कम करती है जो अपनी बेटी के लिए रात-दिन मेहनत करता है।

आज की बात



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

रोजगार के क्षेत्र में नारी को आत्मनिर्भर बनाने का जज्बा मुद्रा योजना में दिखता है। एक साधारण गृहिणी, जो कभी घर की चौखट तक सीमित थी, आज सिलाई का काम हो या मसाले का व्यापार, अपने छोटे धंधे से परिवार का मान बढ़ा रही है। "लखपति दीदी" का सपना उस महिला को हकीकत में बदल रहा है जो कभी दूसरों की दया पर जीती थी। स्टैंड अप इंडिया ने उद्यमी महिलाओं को नई उड़ान दी, तो आत्मनिर्भर भारत अभियान ने स्वयं सहायता समूहों के जरिए ग्रामीण नारी को बाजार की ताकत से जोड़ा। एक महिला जो पहले सिर्फ घर का चूल्हा जलाती थी, आज अपने बनाए उत्पादों से गांव की अर्थव्यवस्था को रोशन कर रही है।

स्वास्थ्य और सुरक्षा के मोर्चे पर भी प्रयास प्रभावशाली हैं। उज्ज्वला योजना का गैस सिलेंडर उस मां के फेफड़ों को राहत देता है जो चूल्हे के धुएं में अपनी जिंदगी घुटने को मजबूर थी। यह सिर्फ ईंधन नहीं, बल्कि उसकी सेहत और समय की आजादी है, जो अब वह अपने बच्चों के लिए इस्तेमाल कर सकती है। आयुष्मान भारत ने उस गरीब महिला को अस्पताल का रास्ता दिखाया जिसके लिए बीमारी पहले मौत का पर्याय थी। मातृ वंदना योजना ने गर्भवती मां को 6000 रुपये की मदद देकर उसके नवजात के पहले कदम को मजबूत किया। सुरक्षा की बात करें तो वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन उस नारी को हौसला देती हैं जो हिंसा के साये में चुप रहने को मजबूर थी। निर्भया फंड ने सड़कों को सुरक्षित बनाने और अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में एक कड़ा संदेश दिया।

निर्णय लेने की मेज पर नारी की हिस्सेदारी बढ़ाना भी एक बड़ा लक्ष्य रहा है। पंचायतों में आरक्षण ने गांव की उस महिला को आवाज दी जो पहले सिर्फ घर की बात सुनती थी। आज वह सरपंच बनकर अपने समुदाय की तकदीर बदल रही है। संसद में महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना एक क्रांतिकारी कदम है, जो आने वाले दिनों में नारी को देश की नीतियों का हिस्सा बनाएगा। यह सिर्फ संख्या की बात नहीं, बल्कि उस नजरिए की जीत है जो नारी को सिर्फ वोटर नहीं, बल्कि नेता मानता है। महिला दिवस का असली मकसद यही है – उस बेटी की मुस्कान को बचाना जो स्कूल जाते वक्त खिलखिलाती है, उस मां की सेहत को संवारना जो परिवार के लिए अपनी नींद कुर्बान करती है, उस बहन की मेहनत को सम्मान देना जो अपने दम पर जिंदगी बनाती है। "Accelerate Action" हमें चेताती है कि अब ढील का वक्त नहीं, अब देरी का बहाना नहीं। सरकार के ये कदम एक मजबूत शुरुआत हैं, लेकिन समाज को भी इस आग को जलाए रखना होगा। पुरुषों को नारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, ताकि वह सिर्फ सहारे की मोहताज न रहे, बल्कि खुद एक सहारा बने।

आइए, इस महिला दिवस पर एक ऐसी सुबह का संकल्प लें जहां नारी के सपनों को पंख मिले, उसकी आवाज को शक्ति मिले, और उसके कदमों में विजय की गूंज हो। "Accelerate Action" सिर्फ एक थीम नहीं, बल्कि एक हुंकार है – जो हर रूढ़ि, हर बंदिश और हर भेदभाव को तोड़ने के लिए तैयार है। अब वक्त आ गया है कि नारी को केवल पूजा की मूरत नहीं, बल्कि अपने अधिकारों की जिंदा हकीकत बनाया जाए। हर बेटी के लिए, हर मां के लिए, हर सपने के लिए – तेजी से कदम बढ़ाएं, क्योंकि नारी का उत्थान ही समाज का सम्मान और देश का गर्व है। यही हमारा वचन हो, यही हमारा मंत्र हो – नारी को नमन, नारी को बल, नारी को हर पल।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## होली : लोक रंगों का महापर्व

कहा जाता है कि वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा की मान्यता देने के लिए बाकी पांच ऋतुओं ने अपने में से कुछ-कुछ दिन दे दिए, इसीलिए वसंत ऋतु का आगमन विद्या और कला-संगीत की देवी मां सरस्वती के पूजन यानी वसंत पंचमी के साथ शुरू होता है। कायदे में भारतीय (हिंदू) कैलेंडर के हिसाब से सभी छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर, दो-दो महीने की होती है लेकिन वसंत करीब ढाई महीने का होता है। महीनों का निर्धारण विक्रमी संवत से होता है। सभी ऋतुओं की पहचान मौसम से होती है। वसंत के आगमन की सूचना वातावरण में मस्ती से होता है और वह फाल्गुन पूर्णिमा को होली (पूर्वांचल में फगुआ और आम बोलचाल में होरी) के दिन शीर्ष पर पहुंच जाता है। वातावरण में फूलों महक भी वसंत के होने का एहसास कराती है। गुलाबी ठंड, खेत पीले सरसों से भरे पड़े, उस पर मंडराते भौंरे, गेहूं की बालियां, हर तरफ फूल ही फूल, फिजा में मस्ती बिखेरते हैं। अपना देश विविधताओं का देश है। तरह-तरह की भाषा-बोली, पहनावा, खानपान और सैकड़ों पर्व-त्यौहारों को हम सभी साल भर मनाया करते हैं। अनेक त्यौहार देश के सर्वाधिक राज्यों में उत्साह से मनाया जाता है। होली भी देश के ज्यादातर राज्यों में मनाया जाने वाला त्यौहार है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह हर वर्ग और खासकर गरीब तबके का सबसे लोकप्रिय पर्व है। ब्रज की होली की लोकप्रियता आज भी कायम है। देश-दुनिया से बड़ी तादाद में लोग मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और भगवान कृष्ण और राधा-रानी से जुड़े जगहों पर लोग आते हैं। इसकी तैयारी महीनों पहले शुरू हो जाती है। किसी अनजान व्यक्ति को यह आश्चर्य लगेगा कि बड़ी तादाद में लोग कृष्ण भक्त गोपियां बनी ब्रज की महिलाओं के साथ होली खेलने और उनके डंडे झेलने (लट्ठमार होली) के लिए दूरदराज से समय और पैसे खर्च करके लोग आते हैं। यह संख्या लाखों में होती है। मान्यता है कि सभी लोग वहां इस अनुभव के लिए जाते हैं कि जैसे उन्होंने राधे-कृष्ण के साथ होली खेल ली। इसके अलावा हर राज्यों में अलग-अलग तरीके से होली खेली और गीत गाए जाते है। अलग-अलग तरह के पकवान खासकर होली के लिए बनाए जाते हैं। इतना ही नहीं अलग-अलग इलाकों में होली का नाम भी अलग है और मनाने के तरीके भी अलग है। दीपावली की तरह होली भी सालों पहले देश की सीमा पार कर अनेक देशों का बड़ा पर्व बन गया है। नेपाल तो हाल ही तक दुनिया का अकेला हिंदू देश था। वहां तो अपने देश की तरह होली पर सार्वजनिक अवकाश होता है। दुनिया के अन्य देशों में जहां भारतवंशी रहते हैं वहां होली उत्साह से मनाया जाता है।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



मनोज कुमार मिश्र

# क्रूर व आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?



आपकी बात




ललित गर्ग

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है. भले ही इससे देश की एकता एवं अखंडता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है? औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर "जज़िया" वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रगति दिखाई देश ने, चली रेत में नाव।
आज पुन: रखने लगा, अंगद जैसा पांव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सन्यास लेने से क्यों डरते हैं हमारे नेता?

देश की बात



राकेश अचल


ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। दुनिया के तमाम क्रिकेटर स्मिथ की तरह ही क्रिकेट से एक तय समय के बाद खुद सन्यास लेने का सार्वजनिक ऐलान करते हैं, लेकिन दुनिया में खासतौर पर भारत में ऐसे बहुत कम नेता हैं जो स्वेच्छा से राजनीति से सन्यास लेने का ऐलान करते हों। भारतीय परम्परा में तो सन्यास जीवन की सर्वोत्कृष्ट अवस्था है। सन्यास की सनातन परम्परा सामंतकाल में भी थी लेकिन लोकतंत्र में इसका परित्याग कार दिया। अकेली राजनीति ऐसी है जिसमें आश्रम व्यवस्था लागू नहीं होती। यानि न नेता ब्रम्हचर्य का पालन करता है, न गृहस्थ रहना चाहता है और न वानप्रस्थ में जाना चाहता है, सन्यास लेना तो बहुत दूर की बात है। राजनीति में जब कोई सन्यास नहीं लेता तो उसे मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया जाता है। मैंने जब से होश सम्हाला है तभी से राजनीति में सक्रिय बहुत कम लोगों को राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा करते देखा है, उलटे सन्यास ले चुके लोग राजनीति में घुसपैठ करते जरूर देखे हैं और इस समय तो राजनीति में सन्यासियों की पौ-बारह है। वे केंद्र में भी मंत्री हैं और मुख्यमंत्री भी। खिलाडियों में सन्यास लेना आम बात है लेकिन राजनीति में सन्यास लेना ख़ास घटना मानी जाती है। नेताओं को उनकी अपनी पार्टियां जबरन हाशिये पर डाल देतीं हैं क्योंकि वे खिलाड़ियों की तरह खेल भावना से राजनीयति से सन्यास नहीं लेते। किसी भी दल में सन्यासी न हों ऐसी बात नहीं है, लेकिन उनकी संख्या न के बराबर है। नानाजी देशमुख या कामराज या ज्योति बसु जैसे बहुत कम नेता हुए हैं जिन्होंने स्वेच्छा से सन्यास लिया हो। सवाल ये है कि आखिर राजनीति में ऐसा क्या है जो नेता उससे सन्यास नहीं लेना नहीं चाहते? इस विषय पर न किसी ने शोध किया है और न पीएचडी की उपाधि हासिल की है, क्योंकि इस विषय पर शोध करने की न फुरसत है और न इजाजत। मान लीजिये इजाजत मिल भी जाए तो गाइड नहीं मिलेगा। क्योंकि विषय ही अछूत है। राजनीति से सन्यास लेने वाले भारत के प्रमुख नेताओं पर यदि आपको निबंध लिखने के लिए कह दिया जाये तो आप मुश्किल से एक-दो पृष्ठ ही लिख पाएंगे, क्योंकि राजनीति से ससम्मान सन्यास लेने वाले हैं ही गिने चुने। देश के पहले प्रधानमंत्री से लेकर आज के प्रधानमंत्री तक किसी ने राजनीति से सन्यास लेने के बारे में कार्ययोजना बनाना तो दूर, कभी सोचा तक नहीं। इस मामले में हर विचारधारा के नेता एक जैसा सोचते है। राजनीति में व्यक्ति जीवन पर्यन्त सक्रिय रहना चाहता है। कुर्सी के बिना जीवित रहना किसी भी नेता के लिए असम्भव काम है। भारतीय राजनीति में कोई सन्यास नहीं लेता लेकिन शारीरिक अस्वस्थता की वजह से उसे घर बैठना पड़े तो अलग बात है। मिसाल के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी। दुनिया में राजनीति ही एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ सन्यास का न कोई लिखित विधान है और न कोई विवादास्पद इतिहास। राजनीति में कोई औरंगजेब भी तो नहीं है जिसने कम से कम पचास साल शासन किया हो। हमारे सनातन में तो राजा- महाराजा अपने जीते जी अपने उत्तराधिकारी की न सिर्फ घोषणा कर देते थे बल्कि उनका राज्याभिषेक भी करा देते थे। राजनीति में नेता अपना उत्तर्राधिकारी तो घोषत करते हैं लेकिन खुद सन्यास नहीं लेते। हमारी संसद और विधानसभाओं में पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई साथ-साथ मिल जायेंगे। राजनीति से नेताओं को सन्यास केवल मृत्यु ही दिलाती है। मुमकिन है कि मै गलत होऊं, लेकिन मैंने तो अपनी स्मृति में अपवादों को छोड़ किसी को औपचारिक रूप से सन्यास लेते नहीं देखा। आपने देखा हो तो जरूर बताएं। मौजूदा राजनीति में हमारे तमाम नेता 80 पार कर चुके हैं लेकिन राजनीति छोड़ने को तैयार नहीं हैं, ये भी पता नहीं चल पता कि राजीति ने नेताओं को पकड़ रखा है या नेताओं ने राजनीति को? अब कांग्रेस से ही शुरू कीजिये। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या, सोनिया गाँधी सन्यास के बारे में कोई योजना अभी तक नहीं बना पायीं हैं। भाजपा में प्रधानमंत्री का भी राजनीति से सन्यास से कोई इरादा नहीं है। एनसीपी के शरद पंवार हर बार, आखरी बार कहते हैं और हर बार राजनीति से चिपके दिखाई देते हैं। राजद के लालू प्रसाद ने अपनी पत्नी और बेटे -बेटियों को भी स्थापित कर दिया लेकिन सन्यास की घोषणा नहीं की। बहन मायावती तो किसी आश्रम में रहीं ही नहीं इसलिए उनके सन्यास आश्रम में जाने का सवाल ही नहीं उठता। सन्यास की उम्र तो बहन ममता बनर्जी की भी हो गयी है लेकिन वे भी इस बारे में शायद सोच नहीं पायी हैं। नीतीश कुमार भी सन्यासी नहीं बनना चाहते। समाजवादियों में भी कोई सन्यासी हो तो आप बताइये?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ऑस्ट्रेलिया में 1400 किशोरों ने संस्कृत में पाठ किया

**एजेंसी। मेलबर्न**




बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था) द्वारा संस्कृत का वैश्विक गौरव बढ़ाते हुए ऑस्ट्रेलिया में 1400 से अधिक बाल-किशोरों द्वारा सत्संगदीक्षा और सिद्धांत कारिका का मुखपाठ किया गया है। बीएपीएस संस्था प्रारंभ से ही संस्कृत के अध्ययन और इसके महत्व को बढ़ावा देती आई है। यह संस्था न केवल आध्यात्मिक मार्ग का अनुसरण करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को शाश्वत मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्कृत सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि विज्ञान, संस्कृति और मानसिक विकास का दिव्य साधन है। संस्कृत की संरचना और वैज्ञानिक गुण स्मरण शक्ति, एकाग्रता और तार्किक क्षमता को बढ़ाने में सहायक हैं। प्रकट गुरूहरि महंत स्वामी महाराज ने हमेशा संस्कृत की महानता को उजागर किया है। उनके आशीर्वाद से बीएपीएस संस्था में संतों और युवाओं के लिए संस्कृत अध्ययन अनिवार्य बना है। बीएपीएस संस्था संस्कृत के वैश्विक प्रचार-प्रसार में अग्रणी रही है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में बीएपीएस संस्था के 1400 से अधिक बाल-बालिका और किशोर-किशोरियों ने सत्संगदीक्षा ग्रंथ के 315 श्लोकों का हृदयस्थ कर मुख से उच्चारण किया। इसके साथ ही कई विद्यार्थियों ने सिद्धांत कारिका के 565 श्लोक भी कंठस्थ किए हैं। यह उपलब्धि केवल अध्ययन से नहीं, बल्कि महंत स्वामी महाराज के वचनों और बीएपीएस संस्था के मार्गदर्शन से संभव हुई है। संस्कृत सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति और मानसिक विकास का माध्यम है। संस्कृत श्लोकों के पठन से बच्चों के मस्तिष्क और व्यक्तित्व पर आश्चर्यजनक प्रभाव पड़ा है। कई माता-पिता ने अनुभव किया कि मुखपाठ करने से उनके बच्चे पढ़ाई में मेधावी और तेजस्वी बन गए हैं। उनकी स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ गई है।

## बढ़ती बेरोजगारी,बढ़ती महंगाई का क्रेडिट कार्ड लेने व उससे खर्चने पर भी असर

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** बढ़ती बेरोजगारी व बढ़ती महंगाई का असर क्रेडिट कार्ड क्षेत्र में दिखने लगी है। जनवरी में क्रेडिट कार्ड की संख्या घटकर चार साल के निचले स्तर पर आ गई है।इसके द्वारा कुल खर्च में भी गिरावट देखी जा रही है। जनवरी में क्रेडिट कार्ड से कुल खर्च 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिसंबर, 2024 में 1.88 लाख करोड़ रुपये था। खर्च और लेन-देन में घटती मासिक वृद्धि सतर्क उपभोक्ता भावना का संकेत है।लोग बेरोजगारी व महंगाई से डरकर व परेशान होकर अब कुछ खरीदने पर दो बार सोच रहे हैं। लेन-देन का वॉल्यूम भी मासिक आधार पर एक फीसद घटकर 43 करोड़ रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2024 के बाद से लेनदेन की मात्रा में यह सबसे कमजोर वार्षिक वृद्धि थी। जनवरी में क्रेडिट कार्ड की संख्या में 12 लाख की कमी आई है। दिसंबर में 11 करोड़ कार्ड थे जो जनवरी में 10.9 करोड़ रह गए। प्रति कार्ड औसत खर्च भी दिसंबर में 17,093 रुपये से घटकर जनवरी में 16,911 रुपये हो गया। शीर्ष पांच बैंकों की क्रेडिट कार्ड में बाजार हिस्सेदारी 75 फीसद रही है।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा

# अमेरिका में रहने वाले यूक्रेनी नागरिकों की होगी 'घर वापसी'

**एजेंसी। वाशिंगटन**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि युद्ध की वजह से अमेरिका में रह रहे लाखों यूक्रेनी नागरिकों की अस्थायी संरक्षित स्थिति को रद्द किया जाए या नहीं, हालांकि इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

अमेरिकी मीडिया के मुताबिक ट्रंप ने ओवल ऑफिस में मीडिया कहा, "हम किसी को चोट पहुंचाना नहीं चाहते, मैं इस पर विचार कर रहा हूं, और कुछ लोग सोचते हैं कि यह उचित है, कुछ लोग नहीं सोचते हैं, और मैं जल्द ही इस पर निर्णय लूंगा।"ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के लोगों को 'बहुत कुछ सहना पड़ा है।' अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई जब मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि ट्रंप प्रशासन ने लगभग 2,40,000 यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा रद्द करने की योजना बनाई है। ये लोग फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद अमेरिका आ गए थे। अगर यूक्रेनी लोगों की सुरक्षा रद्द की जाती है तो यह कदम उन व्यक्तियों को निर्वासित करने के लिए आधार तैयार करेगा। हालांकि व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस रिपोर्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि कोई फैसला नहीं लिया गया है।

बाइडेन प्रशासन ने घोषणा की थी कि वह यूक्रेन के लोगों को 'यूनाइटिंग फॉर यूक्रेन' के माध्यम से देश में प्रवेश की अनुमति देगा। प्रवासियों को दो साल के लिए देश में पैरोल पर रहने की अनुमति दी जाएगी। बशर्ते वे अमेरिका स्थित प्रायोजक को सुरक्षित करने में सक्षम हों। बाइडेन प्रसाशन की तरफ से अपने कार्यकाल के आखिरी महीने में यह ऐलान भी किया गया कि वह यूक्रेनवासियों के लिए अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) को अक्टूबर 2026 तक बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने इसी तरह के अन्य प्रोग्राम को भी निशाना बनाया है जो हैती, क्यूबा, निकारागुआ और वेनेजुएला के नागरिकों को देश में प्रवेश की अनुमति देते हैं। जनवरी में होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने अमेरिका में रहने वाले लगभग 6,00,000 वेनेजुएलावासियों की अस्थायी संरक्षित स्थिति को निलंबित कर दिया था, और उसके बाद लगभग 5,20,000 हैतीवासियों के लिए भी इसी प्रकार का कदम उठाया गया। इन कार्रवाइयों के कारण अनेक मुकदमें दायर किए गए हैं, जिनमें शरणार्थियों के प्रवेश पर रोक और वेनेजुएला के नागरिकों के लिए टीपीएस को रद्द करने को चुनौती देना भी शामिल है।



● **2,40,000 यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा रद्द करने की योजना बनाई है।**

### अमेरिका और यूक्रेन अगले सप्ताह सऊदी अरब में करेंगे शांति वार्ता : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन अगले सप्ताह सऊदी अरब में वार्ता शुरू करेंगे। उन्होंने गुरुवार सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में यह घोषणा की। जेलेंस्की ने कहा, "अगले सप्ताह, सोमवार को, क्राउन प्रिंस से मिलने के लिए मेरी सऊदी अरब यात्रा की योजना है। उसके बाद, मेरी टीम हमारे अमेरिकी साझेदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। यूक्रेन शांति में सबसे अधिक रुचि रखता है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि अगले सप्ताह सऊदी अरब में यूक्रेन के साथ बैठक की योजना बनाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि शांति समझौते की रूपरेखा और शुरुआती युद्धविराम के लिए कीव के साथ चर्चा चल रही है। विटकॉफ ने कहा कि पिछले शुक्रवार को व्हाइट हाउस में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बैठक के बाद जेलेंस्की के पत्र से ट्रंप खुश हैं। उन्होंने कहा, "उन्हें (ट्रंप को) लगा कि जेलेंस्की का पत्र एक बहुत ही सकारात्मक कदम था। इसमें माफी मांगी गई। इसमें यह स्वीकृति थी कि अमेरिका ने यूक्रेन के लिए बहुत कुछ किया है। साथ ही इसमें कृतज्ञता की भावना थी। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संभवत: अगले डेढ़ महीने में सऊदी अरब का दौरा करेंगे, लेकिन उन्होंने तारीख का ऐलान नहीं किया।

### आवामी लीग नेता के घर पर हमले से लोगों में नाराजगी

**ढाका।** ढाका के एक पॉश इलाके में इस सप्ताह की शुरुआत में आवामी लीग के एक नेता के घर पर आधी रात को हुए हमले के बाद से लोग खासे नाराज हैं। पुलिस की निष्क्रियता और राजनीति से प्रेरित हमलों को लेकर वे मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह घर तनवीर इमाम का था। वह एच टी इमाम के बेटे हैं, जो अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के सलाहकार थे। बुधवार को 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ [जिसमें मुख्यतः छात्र बताए जा रहे हैं] ने फ्लैट में तोड़फोड़ की। उन्होंने आरोप लगाया कि घर अंदर अवामी लीग के कार्यकर्ता छिपे हुए हैं और आसपास कहीं अवैध हथियारों और नकदी का एक बड़ा जखीरा भी छिपा हुआ है। हालांकि, तलाशी के बाद उन्होंने कुछ नहीं मिलने की बात स्वीकार की। सोशल मीडिया पर युवाओं के नेतृत्व में भीड़ द्वारा अवामी लीग विरोधी नारे लगाने और इमारत में तोड़फोड़ करने के वीडियो वायरल हो गए।

## 'सड़क हादसों के लिए इंजीनियर व ठेकेदार जिम्मेदार डीपीआर में भी होती हैं हजारों खामियां': गडकरी

### हर साल 4 लाख 80 हजार सड़क दुर्घटनाएं, 1 लाख 80 हजार मौत होती हैं

**66.4%** मौत 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों की होती हैं

- **घायल को अस्पताल लाने वाले व्यक्ति पर कोई केस नहीं बनेगा,उसे इस अच्छे काम के लिए 25 हजार रु. दिए जाएंगे**
- **जैसे ही दुर्घटना होगी , पुलिस के एफआईआर दर्ज करते ही अस्पताल को डेढ़ लाख रुपये या कम से कम सात दिन का खर्च**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क हादसों व इसमें जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इन हादसों के लिए ऐसे सिविल अभियंता व राष्ट्रीय राजमार्गों या सड़कों को बनाने वाले ठेकेदार जिम्मेदार हैं, जो अपना काम ठीक से नहीं करते। गडकरी ने कहा, 'यह हमारे लिए अच्छा नहीं है कि भारत में हम सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। प्रति वर्ष हमारे यहां 4 लाख 80 हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1 लाख 80 हजार मौत होती हैं, जो शायद दुनिया में सबसे ज्यादा है। इन मौतों में से 66.4% मौतें 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों की होती हैं , इससे जीडीपी में तीन फीसद का नुकसान होता है।'उन्होंने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर और सबसे महत्वपूर्ण बात, प्रतिभाशाली युवाओं का नुकसान वास्तव में हमारे देश के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इन सभी दुर्घटनाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण दोषी सिविल इंजीनियर हैं। मैं सभी को दोष नहीं देता, लेकिन 10 साल के अनुभव के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं। सबसे महत्वपूर्ण दोषी वे लोग हैं जो डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बना रहे हैं और इसमें हजारों गलतियां हैं।' गडकरी ने इससे पहले जनवरी में कहा था कि सड़क हादसे में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले अच्छे लोगों के लिए इनाम राशि बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया गया था। पहले यह राशि 5,000 रुपये थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान इसकी जानकारी दी थी।उन्होंने कहा कि यदि कभी-कभार कुछ होता है तो हम उस मामले को लेकर गंभीर हो जाते हैं। मगर, जब रोजाना कुछ होने लगता है तो हमें सामान्य लगने लगता है। ऐसे में अगर इन हादसों को रोकना है तो अकेले हम कुछ नहीं कर सकते। इसके लिए स्कूल, कॉलेज, एनजीओ, खिलाड़ी, सेलिब्रिटी व अन्य लोग जब जा-जाकर लोगों को समझाएंगे, तब बदलाव आएगा। गडकरी ने कहा - 'पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो लोग घायल को अस्पताल ले जाने से कतराते थे। मगर हमने नियम बनाया कि अगर घायल शख्स को अस्पताल लाने वाले व्यक्ति पर कोई केस नहीं बनेगा। वहीं अच्छे काम के लिए पांच हजार की राशि भी दी जाती है। लेकिन मैंने आदेश दिया है कि यह राशि बढ़ाकर 25 हजार कर दी जाए। इसके साथ ही हमने एक और पहल की है। जैसे ही दुर्घटना होगी और पुलिस के एफआईआर दर्ज करते ही अस्पताल को डेढ़ लाख रुपये या कम से कम सात दिन का खर्च सरकार देगी।

# पीएम ने 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' सम्मान के लिए बारबाडोस सरकार का जताया आभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए प्रतिष्ठित 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी ने इस सम्मान के लिए बारबाडोस की सरकार और लोगों का आभार जताया है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने गुरुवार को बारबाडोस में आयोजित एक समारोह में बारबाडोस की राष्ट्रपति डेम सैंड्रा मेसन से पीएम मोदी की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया था। इस अवसर पर कैरेबियाई देश की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली, विदेश मंत्री केरी सिमंड्स और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। पबित्रा मार्गेरिटा ने एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी थी। पीएम नरेंद्र ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस सम्मान के लिए बारबाडोस की सरकार और लोगों का आभार जताया।

**कहानी फिल्म जगत की**

# तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का क्यों हुआ ब्रेकअप, सामने आई असली वजह?




तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के ब्रेकअप ने प्रशंसकों को चौंका दिया है, जिससे उनके ब्रेकअप के पीछे की असली वजह के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। तमन्ना भाटिया ने बताया कि प्यार में कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। जैसे ही प्यार में शर्तें आती हैं प्यार खत्म हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिसे प्यार करें उस पर अपने विचार नहीं थोपने चाहिए। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने अपनी दमदार एक्टिंग के जरिए फिल्मों में जबरदस्त प्रदर्शन करके ऑडियंस का दिल जीत लिया है। जब से कपल ने पुष्टि की है कि वे डेटिंग कर रहे हैं, तब से उनका रिश्ता भी सुर्खियों में है। हालांकि, अब रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि कुछ सालों की डेटिंग के बाद दोनों अलग हो गए हैं। तमन्ना और विजय के रिश्ते ने पहली बार 2023 में सुर्खियां बटोरीं और दोनों की एक-साथ सार्वजनिक उपस्थिति। तमन्ना ने इंटरव्यू में विजय के बारे में खुलकर बात की थी और विजय को एक सहायक और अद्भुत व्यक्ति बताया था। लेकिन अब कपल के ब्रेकअप ने उनके फैंस को दुखी कर दिया है।

### प्यार अनकंडीशनल होना चाहिए

ब्रेकअप की खबरों के बीच तमन्ना ने एक रीसेंट इंटरव्यू में प्यार को लेकर बोला है। ल्यूक कॉटिन्हो के पॉडकास्ट पर तमन्ना बोलीं, मुझे हाल ही में एहसास हुआ कि लोग प्यार और रिलेशनशिप में कन्फ्यूज हो जाते हैं। ऐसा केवल औरत-मर्द के रिश्ते में नहीं बल्कि दोस्तों में होता है। जैसे ही प्यार कंडीशनल बनता है, मुझे लगता है कि प्यार वहीं से खत्म हो गया। प्यार बस अनकंडीशनल होना चाहिए।

**प्यार एकतरफा होता है :** एक्ट्रेस ने आगे कहा कि, 'प्यार हमेशा एक तरफा होता है। दो लोग अलग-अल ग एक-दूसरे को प्यार कर सकते हैं लेकिन ये एकतरफा काम है। ये आपका प्यार है। अगर मैं किसी को प्यार करती हैं तो मुझे उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि आप अपने विचार किसी पर थोप सकते हैं। वो जो हैं, आप उन्हीं उसी से प्यार करते हैं और वो आगे चलकर जो बनने वाले हैं क्योंकि लोग एक से नहीं रहते।

**ब्रेकअप की खबरों से दुखी हैं फैंस :** अभी तक कपल ने इस पर कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तमन्ना जल्दी शादी करना चाहती थीं। विजय और कुछ समय लेना चाहते थे। यही कारण झगड़े का कारण बन गया। दोनों अलग हो गए। लेकिन अभी तक दोनों में किसी ने भी कोई भी पुष्टि नहीं की है।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
**विशेष**

# महिलाओं के सम्मान हेतु अनवरत कार्य कर रही अबुआ सरकार...

घर, परिवार, समाज की धुरी महिला को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सीधा अर्थ है देश और राज्य का स्वत: सुदृढ़ हो जाना। झारखण्ड के परिप्रेक्ष में देखें तो झारखण्ड सरकार ने इस गणित को समझा और कई सफल योजनायें बनाकर चरणबद्ध तरीके से आधी आबादी को आर्थिक स्वावलंबन देने का प्रयास कर रही है। महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो, तो वह अपने घर, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकतीं हैं। झारखण्ड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। हेमन्त सरकार ने झारखण्ड की महिलाओं के इस कार्यशैली को और बेहतर करने का फैसला लिया और पिछले 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की ओर से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधा दर्जन योजनाएं सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की समृद्धि पर केंद्रित है।

## बेटियों को मिल रही सपनों की उड़ान



**किशोरियों की आर्थिक** जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से हेमन्त सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है। ग्रामीण परिवेश की किशोरियों का स्कूल ड्राप आउट कई बार छोटी-छोटी आर्थिक जरूरत के पूरी ना होने की वजह से हो जाती थी। हेमन्त सरकार ने इस मामले को समझा और किशोरियों की आर्थिक जरूरत के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उपहार दिया। महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 10 लाख किशोरियों को जोड़ा गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार की ओर से कुल 5 बार में ₹40000 तक आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाता है, ताकि छात्राएं उन रुपयों से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वावलंबी बन सकें।

## महिलाओं को मिल रहा सम्मान

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान** योजना (JMMSY) हेमन्त सरकार का आधी आबादी के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹2500 प्रतिमाह की आर्थिक सम्मान राशी दी जा रही है। योजना ने ग्रामीण इलाके के वित्तीय ढांचे को खूब मजबूती दी है। सरकार के इस सम्मान राशि का उपयोग ग्रामीण परिवेश के छोटे व्यवसाय के लेनदेन में खूब हो रहा है। इस योजना के लिए अगस्त 2024 में पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया गया था। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि:शुल्क थी । योजना से राज्य की बहन-बेटियाँ स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं । झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के लिए 2025-26 में ₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजट रखा गया है ।

> यह सुखद अनुभव है कि मेरी लाखों बहनों को मंईयां सम्मान योजना का सम्मान मिल रहा है। इस सम्मान के लिए यह भाई हमेशा आपके साथ है।






## महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले

**स्वयं सहायता समूहों** को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश पर क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 50 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग चार वर्ष से कम अवधी में लगभग 40 करोड़ से अधिक रूपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थवयवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवसायिक परिचालन हेतु "पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी" का गठन किया जा रहा है। इस पूरी योजना का मूल ग्रामीण अर्थवयवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से झारखण्ड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है पिछले 5 सालों में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है।

**2019 से अब तक ₹10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज। अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया**

## महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

### 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाएं जो मजबूरीवश दारू -हड़िया की बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें आजीविका के सम्मानजनक साधनों से जोड़ना था। इस कार्य में राज्य सरकार को सफलता मिली। इस अभियान से जुड़कर महिलओं ने सम्मान जनक आजीविका को अपनाया।

अभियान से 36 हजार से अधिक महिलाएँ वैकल्पिक आजीविका से अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। हमारी सरकार महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है।



**भारत सरकार द्वारा समाज कल्याण मंत्रालय को 1.18% का बजट आबंटित किया गया**

झारखण्ड **महिला एवं बाल विकास** के लिए कुल बजट का व्यय करेगा **14%**

एवं अन्य राज्यों का आबंटित बजट

| उड़ीसा | बिहार | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 6.20% | 2.77% | 2.31% | 1.06% |

### झारखण्ड ने बजट में आधी आबादी का रखा ध्यान

- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना **₹13,363 करोड़**
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान योजना **₹310 करोड़**
- मातृ किट वितरण योजना **₹60 करोड़**
- गर्भवती महिला की देखभाल के लिए **₹60 करोड़**
- पलाश मार्ट **₹30 करोड़**

PR No. 348113 (IPRD) 2024-25

### रांची विश्वविद्यालय का 38वें दीक्षांत समारोह, बोले राज्यपाल

# नवाचार, शोध और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करें विद्यार्थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-रांची विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता की सीख देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

**बेटियों की सफलता और आत्मनिर्भरता :** उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोले हैं।

**शोध व नवाचार पर जोर :** राज्यपाल ने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों के सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय को जनजातीय समाज, पर्यावरण, जैव विविधता और पारंपरिक चिकित्सा जैसे विषयों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए।

**राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका :** राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'न्यू इंडिया' और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से ह्यविकसित भारतह्ण के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने की अपील की। झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, फूलो-झानो, नीलांबर-पीतांबर जैसे वीरों के संघर्ष केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं।



### अमीश विश्वनाथ को मिले 2 स्वर्ण पदक

रांची विवि के दीक्षांत समारोह में अमीश विश्वनाथ को 2 स्वर्ण पदक मिले। पदक विधि में सर्वश्रेष्ठ स्नातक व एलएलबी में देवी प्रसाद मेमोरियल स्वर्ण पदक मिला। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की उपस्थिति में पदक प्रदान किए। अमीश विश्वनाथ आकाशवाणी रांची के कार्यक्रम अधिशासी मनोज कुमार के पुत्र हैं। अमीश विश्वनाथ को स्कूली दिनों में 3 राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।



### आंखो देखा सदन

# मानव शृंखला व उनकी मांगों पर होगा विचार : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 में शुक्रवार को सदन शुरू होने के साथ ही सरना समिति की मानव शृंखला और उनकी मांगों पर विचार करने का आग्रह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव ने की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने मानव शृंखला स्वंय देखने की बात कही और कहा कि सरहुल महापर्व पर किसी प्रकार की बाधा न हो इसके लिए आवश्यक उपाय किए जाएंगे।

सत्र में प्रश्नकाल में अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 14 थी जिसमें सरकार ने 3 प्रश्नों का उत्तर दिया और 11 प्रश्न अनागत रहे। वहीं तारांकित प्रश्नों की संख्या 48 रही जिसमें 6 प्रश्नों के उत्तर दिए गए अपृष्ट प्रश्न 2 और अनागत प्रश्न 40 रहे। वहीं शून्यकाल में विधायकों ने सूचनाएं पढ़ी जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था, चौकीदार बहाली, बिजली की समस्या, स्थानीय नीति, पर्यटक स्थल विकसित करने, कुम्हार शिल्पकार के लिए माटी कला बोर्ड की पुनर्स्थापना, पत्थर लीज से ज्यादा क्षेत्र में खनन, क्रशर संचालकों द्वारा अवैध खनिज उपयोग से राजस्व को क्षति, भूमि का ऑनलाइन रसीद कटने का मामला, हाथियों से सुरक्षा, जल जीवन मिशन की योजनाओं में अनियमितता, अग्निशमन वाहनों में वृद्धि, उत्पाद सिपाही की नियुक्ति, जिला पुलिस की नियुक्ति, पथ निर्माण की मांग, नहर टूटने की घटना, जल कटाव रोकने के लिए गार्डवाल जैस बातें चर्चा में रही।

वहीं ध्यानाकर्षण सूचना में जल जीवन मिशन की भारी अनियमितता के मामले जिसमें सभी संवेदकों द्वारा घटिया निर्माण की बात कही गई। मानक गहराई से कम बोरिंग किया गया है इसपर मंत्री ने कहा कि पांच प्रकार के मॉडल है किस मॉडल की गड़बड़ी की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 52 योजना निर्माणाधीन है,जहां गड़बड़ी होगी जांच होगी। विदित हो कि पूरे राज्य में गड़बड़ी की बात सदन में उठी थी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींन्द्रनाथ महतो द्वारा सदन में घोषणा की गई कि बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने अपना नेता प्रतिपक्ष चुना है।

## एक नजर

### एनपीयू के कुलपति राज्यपाल से मिले

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को नीलाम्बर-पीताम्बर विवि, पलामू के नवनियुक्त कुलपति डॉ डीके सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने डॉ सिंह से कहा कि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के लिए व्यापक प्रयास करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन करने तथा सत्र के नियमितीकरण के निर्देश दिए।

# जेपीएससी अध्यक्ष ने राज्यपाल से की भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें आयोग के कार्यों की समीक्षा कर झारखंड लोक सेवा आयोग को नियुक्ति प्रक्रिया में गति, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने को कहा ताकि आयोग अपनी खोई हुई विश्वसनीयता प्राप्त करे, जिससे जनमानस में इसकी छवि बेहतर हो और विद्यार्थियों की शिकायतें दूर हों।

### चान्हो में हुई हत्या का मामला सदन में गूंजा

**रांची।** रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के एक आश्रम में अपराधियों द्वारा साधु सहित दो लोगों की निर्मम हत्या करने के मामले को विधायक नवीन जायसवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में उठाया और संसदीय कार्य मंत्री से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में साधु-संन्यासी भी सुरक्षित नहीं हैं। यह हत्या लूट के लिए नहीं, बल्कि किसी और कारण से की गयी है। उन्होंने सरकार से इस बाबत जवाब मांगा है। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया की चार अपराधियों की गिरफतारी हो चुकी है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वरीय पुलिस पदाधिकारी से जानकारी लूंगा कि इस घटना में किसकी संलिप्तता है। इस तरह के आपराधिक घटनाओं की पुर्नरावृति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाए जाऐंगे।

# नशीली दवाओं की खरीद फरोख्त का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टाटीसिलवे थाना में दिवा गश्ती के दौरान सूचना मिली की सरला-बिरला विद्यालय महिलौंग के पास कुछ असमाजिक तत्व के लोगों के द्वारा नशीली दवा का बिक्री नशा के आदि लोगों एवं विद्यालय के छात्रों के पास किया जाता है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया और वरीय पदाधिकारी के निर्देशन पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर छापेमारी किया गया और एक मोटर साईकिल के साथ एक अभियुक्त शहबाज खान को गिरफ्तार किया। उसके पास से मोटर साईकिल में सफेद प्लास्टिक के थैला में टंगा बिक्री करने ले जा रहे ऑनरेक्स कफ सिरप 100 मिली का कुल 75 बोतल तथा विंस्पासमों फिरटि कैप्सूल का एक पैकेट जिसमें 06 पत्ता कैप्सूल, प्रति पत्ता 24 पीस कुल 144 पीस कैप्सूल बरामद किया गया, जिसे विधिवत जब्त किया गया तथा अभियुक्त शहबाज खान को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान संलिप्त एक अन्य अभियुक्त गुड्डु खान को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।



### हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार का अंतिम कार्य दिवस 20 मार्च को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार 20 मार्च गुरुवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वह 20 मार्च को अंतिम दिन कोर्ट करेंगे। जस्टिस नवनीत कुमार 8 अक्तूबर 2021 में झारखंड हाईकोर्ट के जज बने थे। हाईकोर्ट के जज के रूप में पदोन्नति होने तक वह न्यायायुक्त रांची के पद पर कार्यरत रहे। वह मूलतः बिहार के भोजपुर जिला निवासी है। उनका जन्म 20 मार्च 1963 को हुआ। उन्होंने सेंट जॉन्स हाई स्कूल, रांची से मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई की।

### जन औषधि केंद्रों पर भाजपा सांसदों ने मनाया जन औषधि दिवस

# मोदी सरकार सस्ती स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निर्देश पर शुक्रवार को भाजपा के सांसदों ने जन औषधि केंद्रों का अवलोकन किया, लाभुकों से बात की और सस्ती दवाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। सांसद दीपक प्रकाश ने बताया कि मोदी सरकार जनता को सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने केलिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जनता को जन औषधि केंद्र पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री ने 7 मार्च को जन औषधि दिवस घोषित किया है। कहा कि देशभर 1 से 7 मार्च तक जन औषधि के प्रति जनता को जागरूक करने की दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। जिसमें सांसद विधायक, जन प्रतिनिधियों के द्वारा जन औषधि केंद्रों पर जाकर जनता को जागरूक करना एवं विस्तृत जानकारी देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा। कहा कि जन औषधि केंद्रों पर 2047 जेनरिक और 300 सर्जिकल उत्पाद ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तुलना में 70 से 80% सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं जिसका लाभ जनता को प्राप्त करना चाहिए। रिम्स परिसर स्थित जन औषधि केंद्र का अवलोकन करते हुए सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश भर में लगातार जन औषधि केंद्रों से दवा खरीदने के प्रति जनता जागरूक हो रही। क्योंकि दवाएं सस्ती हैं। यहां शुगर, बीपी ,हृदय रोग, किडनी आदि की दवा सस्ते दामों में उपलब्ध है जिसके खासकर गरीबों को बड़ा लाभ मिल रहा।

## पृष्ठ एक के शेष

**होली के पूर्व मिलेगी मंईयां...**

कालिंदी ने सरकार से पूछा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार फूलो झानो योजना को और भी बेहतर तरीके से लागू करेगी। उन्होंने सदन को बताया कि उनकी सरकार ने राज्य की ऐसी महिलाओं के लिए इस योजना की शुरूआत की थी, जो हड़िया दारू बेचकर जीविका चलाती हैं। लेकिन, सरकार ने पाया कि जिन महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया, उन्होंने फिर से हड़िया दारू बेचना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ही नहीं, बल्कि देश में जहां-जहां आदिवासी समाज रहता है, वहां की महिलाएं हड़िया दारू बेचती हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज गरीब और उपेक्षित है। महिलाएं मजबूरी में यह काम करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी का भी प्रयास था कि हड़िया दारू केवल पूजा पाठ तक ही सीमित रहे। उन्होंने कहा कि फूलो झानो योजना को और बेहतर बनाने के लिए विपक्ष भी सुझाव दे सकता है। इसके पूर्व इस मामले को उठाते हुए सूचना के रूप में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा कि सड़क पर हड़िया दारू बेचा जाता है। उन्होंने सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की।

**ग्रामीण विकास व वन विभाग का...**

वाद-विवाद पर जवाब देते हुए ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण विकास विभाग को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को शिकायत नहीं करनी पड़ेगी। मंत्री ने कहा कि विपक्ष के विधायक शशि भूषण मेहता ने भी कहा है कि पीएम आवास योजना की राशि कम है और इसे बढ़ाकर दो लाख करना चाहिए। हमारी सरकार ने अपने दम पर अबुआ आवास योजना के लिए लाभुकों को दो लाख रुपए दे रही है। यही वजह है कि विपक्ष भी हमारे प्रयासों की सराहना करता है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आनेवाले दिनों में विभागों में खाली सभी पदों पर नियुक्तियां करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में हमने 15 लाख अबुआ आवासों को पूरा कर लिया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से केंद्र पर बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ लाने में मदद करने का आग्रह किया। इस दौरान विपक्ष सदन से हंगामा करते हुए वॉक आउट हो गया। इस पर मंत्री ने कहा कि कम से कम विपक्ष ने हमें दो घंटे तक तो सुना। यह नई शुरूआत है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हर साल मनरेगा की राशि में कटौती करने का आरोप लगाया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आने वाले दिनों में मनरेगा में 15 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया जाए। उन्होंने बताया कि 53 सीएफटी का काम करने पर हमने एक दिन का मानव दिवस के रूप में तय किया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बकाया 8868 रुपए नहीं दिया, इसलिए विभाग के बजट में कटौती करनी पड़ी। केंद्र की संवेदनहीनता के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राज्या सरकार को तीन गुनी राशि देनी पड़ रही है। मंत्री सरकार ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के 98 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया है। इन्हें जल्द रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने जिला स्तर पर प्रशिक्षित महिलाओं को जेएसएलपीएस के जरिए जोड़ने की बात भी कही। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कम रेट पर टेंडर कोट कर घटिया स्तर की सड़कें बनाने वाले ठेकेदारों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को कैबिनेट में लाया जाएगा। झामुमो के विधायक ने मंत्री से पूछा कि आरईओ की कितनी सड़कें हर विधायक को सरकार देगी। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि सभी सदस्यों को पिछली बार से कम सड़कें नहीं मिलेंगी। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अपने अदाणी और अंबानी दोस्त के लिए राज्य की खनिजों को देने के लिए ग्राम सभा को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी प्रखंड कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों की बातों को सुनें और उनकी उपेक्षा न करें। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 तक पंचायत सचिवालयों को मजबूत कर उन्हें डिजिटल कर दिया जाएगा। मंत्री ने राज्य में 2500 पंचायत ज्ञान केंद्र बनाने की भी बात कही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही सोमवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**1728 बोतल नकली शराब के...**

मकपा निवासी मिथलेश कुमार पिता रामचंद्र यादव व वशिष्ठ नगर थाना जोरी कटैया निवासी जीत मिस्त्री 19 वर्ष पिता पुन भारती नकली अंग्रेजी शराब का कारोबार करते हैं। वह विभिन्न व्यक्तियों के सहयोग से शराब बनाने के साथ विभिन्न कंपनियों के नकली बोतल व रैपर का प्रयोग करते हुए इसे बिहार भेजता है। इस मामले में गाड़ी चालक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक के साथ पुलिस अवर निरक्षक नीतेश कुमार प्रसाद, पुलिस अवर निरक्षक पुरुषोत्तम अग्निहोत्री सहित जिला बल और गृह रक्षक शामिल थे।

**भाजपा नेत्री सीता सोरेन पर...**

हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला पैसों को लेकर विवाद का बताया जाता हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान फंड के हिसाब-किताब को लेकर सीता सोरेन और पूर्व पीए देवाशीष घोष के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर हमले की आशंका जताई जा रही है। आरोपी देवाशीष के पास से एक पिस्टल और एक एयर गन बरामद किया गया है। सीता सोरेन जिस होटल में ठहरी थीं, वहां उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ और पुलिस के जवान तैनात थे। इस घटना के बाद वीआईपी सुरक्षा के इंतजाम पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

भाजपा नेत्री सीता सोरेन पर हुए हमले की पुष्टि करते हुए डीएसपी (विधि व्यवस्था) नौशाद आलम ने बताया कि सीता सोरेन के पूर्व पीए देवाशीष मनोरंजन घोष के खिलाफ सीता सोरेन पर पिस्टल तानने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी के पास से पुलिस ने पिस्टल जब्त कर लिया है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला धनबाद के सोनोटेल होटल में गुरुवार देर रात की है। इस मामले में गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।

**बीडीसी पति को गोली मारकर अपराधी फरार...**

के गांव सिगसीगा खुर्द भी पहुंचे।

**क्षेत्र में दहशत, पुलिस तैनात :** गोलीकांड की घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है और अपराधियों की तलाश जारी है।


प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों,

आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

आज इस शुभ अवसर पर मैं अपने प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों को राज्य के प्रति आपकी समर्पित सेवा के लिए दिल से सराहना करने के साथ-साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य थीम Accelerate Action रखा गया है, जिसका मुख्य भाव महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा सम्पूर्ण विकास को तेज गति देने पर जोर देता है। हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ एवं सहायिका बहनों के द्वारा इस थीम को पूर्ण रूप से सार्थक करते हुए तन-मन से राज्य हित में कार्य किया जा रहा है। आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समुदाय की सेवा में आपके अटूट, सम्पूर्ण और निरंतर प्रयासों के लिए अबुआ सरकार आपका आभारी है।

हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत कुल- 37876 सेविकाएँ, 34941 सहायिकाएँ एवं 679 महिला पर्यवेक्षिकाएँ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता के रूप में समाज में समान अवसर का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण देते हुए निरंतर कार्यरत हैं।

आज आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जाँच, वृद्धि निगरानी, टीकाकरण तथा कुपोषण प्रबंधन के माध्यम से मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है, जो काफी गौरवान्वित करता है। पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषय को जन आंदोलन का रूप देकर कुपोषण मुक्त झारखण्ड की कल्पना को साकार करने की यात्रा में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि आज झारखण्ड राज्य में 154186 गर्भवती महिलाओं, 121655 धात्री माताओं तथा 1323217 छ: माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषक तत्व से भरपूर शिशु आहार, पौष्टिक मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया नियमित रूप से आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म ताजा पका हुआ भोजन के साथ-साथ अण्डा भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि बच्चों का विकास सही ढ़ग से हो सके तथा वे राज्य निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सकें।

आज के Digital युग में हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए जल्द ही उन्हें Smart Phone उपलब्ध कराया जाएगा।

आपके द्वारा कई महत्पूर्ण योजनाओं यथा-सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना, पोषण अभियान योजना, पेंशन योजना, नि:शक्त कल्याणार्थ योजना, सामुहिक कुरीति निवारण योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे कि जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ ससमय मिल सके। साथ ही, बी.एल.ओ. के रूप में आपके अथक प्रयासों के कारण राज्य भर में मतदाताओं का समावेशीकरण हुआ है एवं चुनाव पर्व में लोगो ने बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

आज इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपकी मेहनत और लगन के साथ-साथ महिलाओं के सम्पूर्ण विकास, सशक्तिकरण तथा समान अवसर दिलाने की दिशा में आईए मिल कर हमसब प्रयास करें ताकि **अबुआ झारखण्ड-स्वस्थ और सुपोषित झारखण्ड बन सके।**

**आपका आभार और धन्यवाद !**

शुभकामनाओं सहित

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




PR No. 348116 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# लैंगिक समानता और त्वरित कार्रवाई की **आवश्यकता...**

## महिला अधिकारों के संघर्ष से जन्मा आंदोलन



सरिता मुर्मू

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) की शुरूआत 20वीं सदी के आरंभ में महिलाओं के अधिकारों की मांग से हुई। 1908 में, न्यूयॉर्क शहर में 15,000 महिलाओं ने बेहतर वेतन, कम कार्य घंटे और मतदान अधिकार के लिए मार्च निकाला। इस आंदोलन से प्रेरित होकर, 1909 में अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। बाद में, 1910 के अंतरराष्ट्रीय समाजवादी महिला सम्मेलन में जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद, 1911 में ऑस्ट्रिया, जर्मनी, डेनमार्क और स्विट्जरलैंड में इसे पहली बार 19 मार्च को मनाया गया। 1913 में, यह तिथि बदल कर 8 मार्च कर दी गई, जो आज पूरे विश्व में आधिकारिक रूप से मनाई जाती है। आज, आईडब्ल्यूडी को 100 से अधिक देशों में महिलाओं के सशक्तीकरण, समानता और नीति सुधारों की वकालत के लिए मनाया जाता है। भारत में लैंगिक असमानता आज भी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अब भी कई संरचनात्मक बाधाएं उनके सशक्तिकरण में रोड़ा बनी हुई हैं। आईडब्ल्यूडी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और समान अवसरों की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

भारत में महिलाओं की श्रमशक्ति भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे 2023 के अनुसार, केवल 25% महिलाएं कार्यबल में शामिल हैं। आईडब्ल्यूडी इस असमानता पर चर्चा करने और आर्थिक समावेशन, समानवेतन और वित्तीय स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है। सरकार द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूह और डिजिटल इंडिया महिला उद्यमिता कार्यक्रम जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो 2023 के अनुसार, 4 लाख से अधिक घरेलू हिंसा, बलात्कार और उत्पीड़न के मामले दर्ज किए गए हैं। हाथरस बलात्कार कांड (2020) और बिलकिस बानो मामला इस बात को दर्शाते हैं कि न्याय प्रणाली में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। आईडब्ल्यूडी उन कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होता है जो महिलाओं को न्याय दिलाने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 और घरेलू हिंसा अधिनियम 2005।

हालांकि भारत में महिला साक्षरता दर 77% तक पहुंच गई है, फिर भी कई लड़कियां बाल विवाह, गरीबी और अस्वास्थ्यकर स्कूल सुविधाओं के कारण पढ़ाई छोड़ देती हैं। कहऊ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों को बढ़ावा देने का मंच प्रदान करता है। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महिलाओं को डिजिटल साक्षरता और टेक्नोलॉजी तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। पिंक टॉयलेट योजना, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुरक्षित शौचालय उपलब्ध कराती है, ने स्कूल जाने वाली लड़कियों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में संसद में महिलाओं की भागीदारी केवल 14% है, जो अभी भी बहुत कम है। महिला आरक्षण विधेयक (2023) पारित होने के बावजूद, इसका कार्यान्वयन 2029 तक टल गया है। कहऊ महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करने का एक मंच है। आज, 1.4 मिलियन से अधिक महिलाएँ पंचायतराज संस्थानों में निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जो स्थानीय शासन में महिला नेतृत्व के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। झारखंड में महिलाओं की स्थिति राष्ट्रीय औसत से भी अधिक चुनौतीपूर्ण है। राज्य की कुल साक्षरता दर 66.41% है, लेकिन इस में लिंग असमानता स्पष्ट रूप से देखी जाती है, जहाँ पुरुष साक्षरता दर 76.84% है, जबकि महिला साक्षरता दर मात्र 55.42% है (जनगणना भारत)। यह असमानता आर्थिक भागीदारी में भी दिखाई देती है, जहाँ 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में कार्यशील जनसंख्या अनुपात पुरुषों के लिए 73.0% और महिलाओं के लिए मात्र 28.7% है (प्रेस सूचना ब्यूरो), जो झारखंड में महिलाओं की कम श्रमशक्ति भागीदारी को दर्शाता है।

## **न्याय में देरी:** भारतीय महिलाओं के लिए बढ़ती चुनौतियां

भारत में महिलाओं के लिए न्याय पाना अक्सर एक लंबी और कठिन प्रक्रिया बन जाती है। कई मामलों में, खासकर घरेलू हिंसा, यौन शोषण, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और संपत्ति विवादों में, न्याय मिलने में वर्षों लग जाते हैं। इस देरी का सीधा असर महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति पर पड़ता है।

### देरी से न्याय, अन्याय के समान


जब एक महिला न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाती है, तो उसे लंबी कानूनी प्रक्रियाओं, तारीखों की अनिश्चितता, सबूतों की कमी और कई बार सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ता है। परिवार और समाज अक्सर महिलाओं को चुप रहने की सलाह देते हैं, जिससे अपराधियों को और अधिक हिम्मत मिलती है।

- **घरेलू हिंसा के मामले:** कई महिलाएं हिंसा के बावजूद शिकायत दर्ज नहीं कर पातीं, और जो शिकायत करती हैं, उन्हें कानूनी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है।
- **यौन शोषण के मामले:** निर्भया केस के बाद कड़े कानून बने, लेकिन फिर भी न्याय की प्रक्रिया धीमी है। दुष्कर्म पीड़िताओं को बार-बार कोर्ट में पेश होना पड़ता है, जिससे उन्हें मानसिक आघात झेलना पड़ता है।
- **संपत्ति विवाद:** महिलाओं के संपत्ति के अधिकार को लेकर अब भी समाज में भेदभाव है। अदालतों में चल रहे मामलों के कारण कई महिलाएँ आर्थिक रूप से कमजोर हो जाती हैं।

### न्याय में देरी के कारण और प्रभाव

1. **मानसिक स्वास्थ्य पर असर :** लगातार तनाव, असुरक्षा और अपमान झेलने से महिलाओं में अवसाद (डिप्रेशन), चिंता और आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।
2. **सामाजिक बदनामी :** समाज में आज भी पीड़िता को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति है, जिससे कई महिलाएँ शिकायत दर्ज कराने से हिचकती हैं।
3. **आर्थिक निर्भरता :** जब न्याय मिलने में देरी होती है, तो महिलाओं के पास कमाने के अवसर भी सीमित हो जाते हैं।
4. **अपराधियों का हौसला बढ़ना :** जब अपराधियों को सजा नहीं मिलती, तो वे और भी अधिक बेखौफ होकर महिलाओं का शोषण करते हैं।

### समाधान: न्याय प्रक्रिया में सुधार की जरूरत



रश्मि साहा

1. **तेज और प्रभावी न्याय प्रणाली :** फास्ट-ट्रैक कोर्ट की संख्या बढ़ानी होगी ताकि महिलाओं के मामलों का निपटारा जल्दी हो।
2. **कानूनी जागरूकता :** महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी देना जरूरी है।
3. **मनोवैज्ञानिक सहायता :** प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए काउंसलिंग सेंटर होने चाहिए ताकि वे मानसिक रूप से मजबूत रह सकें।
4. **सख्त कानून और उनका पालन :** कई बार कानून तो बना दिए जाते हैं, लेकिन उनका सख्ती से पालन नहीं होता। इस पर जोर देने की जरूरत है।
5. **सामाजिक सोच में बदलाव :** समाज को यह समझना होगा कि महिलाओं का अधिकार सुरक्षित करना पूरे देश की जिम्मेदारी है।

एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज की ओर अगर महिलाओं को समय पर न्याय मिले, तो वे न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं, बल्कि समाज को भी मजबूत कर सकती हैं। एक महिला जब आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस करती है, तो वह अपने परिवार, समाज और देश के विकास में योगदान देती है। न्याय की देरी केवल एक महिला की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की विफलता है। हमें मिलकर इसे बदलना होगा।

**-समाज सेविका**

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में **परचम लहरा** रही हैं



विजय केसरी

आज विश्व भर की महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहराती चली जा रही हैं। भारत की महिलाएं विकसित देशों की तुलना में कुछ पीछे जरूर पड़ रही हैं, लेकिन उनकी गति बहुत तेजी से आगे बढ़ रही हैं । देश की आजादी के बाद बीते 77 वर्षों में भारत की महिलाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी तरक्की की हैं। यह भारतवर्ष के लिए एक अच्छी खबर है। सर्वविदित है कि प्रकृति व ईश्वर ने सृष्टि के संचालन के लिए स्त्री एवं पुरुष को उत्पन्न किया, ताकि सृष्टि की रचना पूर्ण हो सके। इसके साथ ही उन्होंने पशु -पक्षी और विभिन्न प्रकार के कीट -पतंगों को भी उत्पन्न किया । सबों को मिलाकर एक सूत्र में ऐसा बांधा गया कि सभी एक दूसरे के पूरक बन गए।

स्त्री- पुरुष नामक दो लिंगों में विभक्त नर नारी को ऐसा बांधा गया ताकि वे दोनों साथ साथ जीवन बिता सकें। जानवरों, कीट- पतंगों को भी नर -मादा की श्रेणी में विभक्त कर प्रकृति ने इसे और भी मोहक बना दिया । हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस सृष्टि में 84 लाख छोटे बड़े जीव निवास करते हैं । इन 84 लाख जीवों में मनुष्य जी को सबसे उत्तम माना गया । मनुष्य की सभ्यता और उसके विकास की एक लंबी कहानी है। वर्तमान समय, जिसे हम सब आधुनिक काल कहते हैं । यहां तक पहुंचने में इस मनुष्य को लंबे सफर के दौर से गुजरना पड़ा है । हमारा भारतीय समाज पुरुष प्रधान है । संभवत विश्व के लगभग देशों में पुरुष की प्रधानता के ही दृष्टांत सामने मिलते हैं । सामाजिक मान्यताओं के अनुसार पुरुष गृहस्थी के संचालन के लिए घर से बाहर जाकर धन की जुगाड़ के लिए विविध प्रकार के श्रम, व्यवसाय और नौकरी करते हैं, ताकि घर के सभी सदस्यों के खान-पान के साथ अन्य जरूरतें पूरी हो सकें। इन्हीं मान्यताओं के साथ हमारा विश्व समाज आगे बढ़ता चला जा रहा है। महिलाओं के जिम्मे में पूरी तरह घर के भीतर गृहस्थी संभालने की जवाबदेही है । यह कोई मामूली जवाबदेही नहीं है बल्कि पुरुषों की तुलना में एक बड़ी जवाबदेही इसे कह सकते हैं । घर के भीतरमहिलाएं सभी के खाने-पीने के इंतजाम के साथ आने वाली नहीं पीढ़ी को भी जन्म देती है।

**-(कथाकार/ स्तंभकार)**



डॉ0 दीप्ति कुजूर

## इस वर्ष का थीम महिलाओं की **समानता** को **गति** देने पर केंद्रीत है

यह दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वर्ष 1908 में तब हुई जब करीब 15,000 महिला श्रमिकों ने न्यूमार्क शहर में एक परेड निकाली। उनकी मांगे थीं कि महिलाओं के काम के घंटे कम हों, तनख्वाह अच्छी मिले और महिलाओं को वोट जलने का हक भी मिले। फिर 1910 में एक वामपंथी कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने कामकाजी महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में (जो डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में दुमा था, जहां 17 देशो से 100 महिला शामिल थी) अतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का सुझाव दिया और सब एकमत से इस सुझान पर सहमत हो गई थीं।

पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 1910 में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी, स्विटजरलैंड में मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिया जाए।

### इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है

1. महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सास्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक भेदभाव से आजाद कराना।
2. महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार को दूर करना।
3. महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाना।
4. महिलाओं को रोजगार में शामिल करना।

संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए पहली भीम 1996 में चुनी थी गुजरे हुए वक्त का जश्न और भविष्य की योजना बनाना। इस तरह हर साल इस दिवस के लिए थीम चुनी जाती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम है कार्रवाई में तेजी लाना यह थीम महिलाओं की समानता को गति देने पर केंद्रीत है। यूं तो केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है, हमें उनकी यहां चर्चा नहीं कर रही है। मगर इसके लिए सामाजिक जागरुकता भी जरूरी है, लैंगिक समानता के लिए मानसिकता बदलती जरूरी है।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, लोहरदगा**



प्रतिभा शांडिल्य

## लड़की का दु:ख

एक लड़की ने एक रात
सपना देखा-
सपने में जिसे छुआ,
वह गायब हो गया।

पहले लड़की, फूल, चूल्हा-
सब गायब हो गए।
फिर झूला, आंगन, गीत-
सब ओझल हो गए।

फिर लड़की ने छूना चाहा
अपना दु:ख,
तो सपना ही खो गया...
और लड़की का दु:ख
वैसे ही बना रहा-
हमेशा।।

**-राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़का गांव, सदर, मेदिनीनगर।**



सीमा गांगुली

## 2025 की थीम है 'कार्रवाई में तेजी लाना'

हम महिलाओं का पूर्व इतिहास देखें तो नारी वीरांगना से लेकर आज जिस मुकाम पर पहुंची है वह सर्वविदित है। वर्तमान में महिलाओं की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। एक पीड़िता ही अपनी व्यथा बता सकती है। अब हम बात करें इंसाफ की तो ढांक के तीन पांत रह जाती है। सरकार कार्रवाई में तेजी की प्रक्रिया को गति तो दे रखी है किंतु गति क्या पकड़ी है? एक सवाल है। एक एफआईआर से लेकर कानूनी प्रक्रिया का दंश झेलने वाली महिलाओं के साथ क्या-क्या नहीं होता है जो गंभीर मसला है।


**-पत्रकार**



अचला चौहान

## एक नए युग की **शुरूआत...**

समय चक्र ने एक वर्ष पूरा किया और फिर से हमें 8 मार्च यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लाकर खड़ा कर दिया। इस बार का थीम है 'कार्यवाही में तेजी लाना'। इस बार सरकार से, पुरुषों से या हालात से प्रश्न करने के बजाय क्यों ना हम अपने-आप से यह सवाल करें कि हमने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए क्या किया? क्या हमने कभी किसी महिला को आगे बढ़ाने में मदद की है? क्या हमने किसी के सपने को पूरा करने में उनका साथ दिया है? क्या हमने अपने आस-पास की किसी भी महिला का हौसला बढ़ाया है कि,तुम आगे बढ़ो, मैं तुम्हारे साथ हूं? यदि हां, तो मुस्कुराइए, अपनी पीठ थपथपाई और आगे बढ़ते रहिए। यदि नहीं तो एक बार जरूर सोचिए कि क्या कभी महिला समाज को बराबरी का दर्जा मिल पाएगा, अगर एक भी महिला पीछे रह जाएगी, इस सफर में तो चलिए शुरु करते हैं स्त्रीत्व का यह वर्ष।



प्रिया बागची

## **महिला सशक्तिकरण** के लिए उषा मार्टिन की पहल

- **200 से अधिक ग्रामीण महिलाएं बनीं स्वावलंबी**
- **हुनर के साथ मेहनत से ही सफलता संभव**

महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवार में आय वृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही गांव भी स्वावलंबी बनता है। स्वावलंबी गांव के लिए हुनर का ज्ञान और उसका विकास जरूरी है। इसके लिए हुनर के साथ मेहनत जरूरी होती है, ताकि सफलता आए। उक्त बातें उषा मार्टिन के पावर प्लांट हेड तन्मय सिन्हा ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन सभागार में विश्व महिला दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। यह प्रशिक्षण उषा मार्टिन फॉउंडेशन और मिनी टूल रूम के सौजन्य से महिलाओं को टेलरिंग और फैशन डिजाइनिंग, फैशन डिजाइनिंग, सोहराई पेंटिंग, फूड एंड विभरेज आदि के माध्यम से 210 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 46 महिलाएं विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्य कर रही है। इस अवसर पर एचआर हेड एन0एन0 झा ने कहा कि प्रतिभा निखारने के लिए लगातार प्रयास करना होगा। अपने लगन और प्रयास से आत्मनिर्भर बनने का राह खोजना होगा। इस प्रयास में कंपनी सदैव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि आबादी और भूभाग असंतुलन के कारण दक्ष और हुनरमद लोग ही सफल होंगे। एम0के0 गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के सौजन्य से ऐसे प्रशिक्षण से गांवों के युवाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस कोर्स को करने के बाद न केवल महिलाएं हुनरमंद बनेगी, बल्कि आय संवर्द्धन कर आत्मनिर्भर भी बनेगी। कोर्स के दौरान महिलाओं को मशीन पर खुद से सिलाई और कढ़ाई की बारीकियाँ बतायी गयी।उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि गांव के समग्र विकास के लिए किसानों, विद्यार्थी और महिलाओं को केंद्र में रखकर ग्रामीण विकास की गतिविधियां चलायी जा रही है।

गांव के स्तर पर स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाकर और प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण के उपाय किये जा रहे हैं, ताकि गांव में ही रोजगार मिले। रूबी मैम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**प्रबंधक, उषा मार्टिन**




### शनिवार 8 मार्च की शाम से रविवार 9 मार्च की शाम तक

- **शनिवार 8 मार्च: 4pm - 6pm** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्ट्रीट थिएटर फेस्ट (ऑक्सीजन पार्क)
- **रविवार 9 मार्च: 6am - 7pm** **होली स्पेशल नाटक:** हमारा विद्यालय (ऑक्सीजन पार्क)
- **रविवार 9 मार्च: 4pm - 6pm** होली स्पेशल कॉमेडी थिएटर फेस्टिवल(जेएफटीए स्टूडियो थिएटर)



सुनीता सिंह

## न्याय की प्रक्रिया में सुधार की **आवश्यकता**

न्याय की प्रक्रिया बहुत जटिल है इस में सुधार की आवश्यकता है। किसी भी केस का फैसला आते आते वर्षों बीत जाते हैं। ऐसे में न्याय की प्रक्रिया में बदलाब लाने की जरूरत है। स्वयं सेवी संस्था को आगे ला कर उन्हें केस को सुलझाने की जरूरत है। गांव के केस को सुलझाने के लिए झारखंड के हर राज्य में संगठन को चयनित कर के काम में तेजी लाने की जरूरत है। देर होने से लोगों का मनोबल टूट जाता है। ऐसे में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। आज भी सर्वोच्च न्यायालय में 4,60,25,360 मामले लंबित है। ऐसे में गांव के छोटे-मोटे घरेलू विवाद का निबटारा करने के लिए संगठन की आवश्यकता है। कई केस के सही फैसले आने में 25 से 30 वर्ष तक का समय लग जाता है। ऐसे में फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मामले की सुनवाई होनी चाहिए। ताकि पीड़ित को सही समय पर न्याय मिल सके।

**-कृष्णापुरी चुटिया रांची**